खबर संक्षेप

आज से दो दिन नहीं होगी पेयजल की सप्लाई

छिंदवाड़ा। शहर के बड़े रिहायशी क्षेत्र में दो दिन जल सप्लाई प्रभावित रहेगी। पाइप लाइन सुधार के चलते 27 और 28 दिसंबर को निर्धारित किए गए क्षेत्रों में पानी की टंकियां नहीं भर पाएगी जिस का कारण लोगों को पानी नहीं मिल पाएगा। निगम से प्राप्त जानकारी के अनुसार पाइप लाइन सुधार कार्य शुरू किया जा रहा है। बुधवार और गुरूवार को पातालेश्वर, छोटी बाजार, सुभाष कालोनी, मिश्रा कालोनी, आनंदम टंकी, जेल बगीचा टंकी नहीं भर पाएगी। इसके कारण गुलाबरा, जनता कालोनी, हाउसिंग बोर्ड जैसे बड़े रिहायशी इलाकों में पानी की सप्लाई नहीं हो पाएगी। बोदरी नदी पर 600 एमएम पाइप लाइन शिफ्टिंग का कार्य होने के कारण इन क्षेत्रों में जल सप्लाई प्रभावित रहेगी। इस क्षेत्र के लोगों से निगम ने अपील की है कि वे दो दिनों तक पानी की व्यवस्था कर लें क्योंकि ये दो दिन पानी का संकट रहेगा।

विभाग की अनदेखी से किसान परेशान, कलेक्टर से लगाई किसानों ने गुहार

खेतों में नहरें, लेकिन नहीं हो रही जलापूर्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ पांढुर्णा

विकासखंड के ग्राम पेंढोनी के खेतों में जलसंसाधन विभाग ने किसानों के खेतों में कच्ची नहरे तो बना दी है लेकिन उसमें पानी नहीं छोडा जा रहा जिससे किसानों की फसलें सूख रही है। आज यही शिकायत लेकर ग्राम पेंढोनी के किसान रामकिशन पाठे, लखन बरंगे, आनंद गजाम, राजेंद्र, लोनीराम इवनाती और अन्य जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। कलेक्टर कार्यालय से शिकायत के जल्द निराकरण का आश्वासन दिया गया। किसानों ने अपनी शिकायत में लिखा है कि 4-5 साल पहले जलसंसाधन विभाग ने ग्राम के अनेक किसानों के खेतों में पानी दिया जाएगा ऐसा बताकर कच्ची नहरें खोद दी। विभाग ने यह नहरें दो रूट पर बनाई है। एक रूट वाली नहर में जलसंसाधन विभाग नियमित रूप से जलापूर्ति करता है। लेकिन दूसरे रूट में जलापूर्ति नहीं करता। दूसरे रूट की नहरें जिन किसानों के खेतों में है वह सिंचाई के अभाव में फसलें खराब होने से डर रहे है। इन किसानों ने बताया कि हमारे खेतों में फसलें सूख रही है। जलसंसाधन विभाग में जाकर हमने कई बार अपनी समस्या बताई लेकिन कोई कार्यवाही आगे बढाने को तैयार नहीं है। इस प्रकार किसानों के खेतों में नहरे बनाकर उनकी उपजाऊ जमीन उपयोग में ला ली और अब उसमें जलापूर्ति नहीं कर किसानों को परेशान किया जा रहा है।

जलसंसाधन विभाग ने किसानों से कहा है कि यह रूट हमारे अधिन नहीं आता इसलिए आवेदक स्वयं के खर्च पर इसमें जलापूर्ति सुनिश्चित करें। विभाग का स्पष्टीकरण किसानों की समझ से परें है। इसलिए सभी किसानों ने जिला कलेक्टर महोदय से इस मामले में संज्ञान लेने का निवेदन

पांढुर्णा पुलिस की कार्यवाही

चोर कैमरे में कैद, रात्रि 8 बजे दीवार तोड़ की थी चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिन्दवाडा

कल रात्रि 8 बजे हनुमंती वार्ड में गोटमार पुलिया से पास शिक्षक अनील सांबारे के घर के बाजू में दो चोर कैमरे में चोरी करते हुए कैद हो गए। शिक्षक अनील सांबारे में बताया कि कल रात्रि 8 बजे उनके पडोसी रूपराव ढोले के मकान से तोडफोड की आवाजें आ रही थी। जब इन्होंने करीब जाकर देखा तो दो चोर लोहे का पलंग चुरा कर ले जा रहे थे। इस पर शिक्षक अनील सांबारे, सुनील मांडले और कुछ लोग चोरों के पीछे भागे। इसलिए चोर पलंग छोडकर फरार हो गए। रूपराव और शिक्षक सांबारे ने पुलिस को बताया कि एक चोर लंगडा है जिसने भागने के बाद साईं कुटिया के पास बैठे कुंछ लोगों से बातचित की। इसके बाद डायल 100 को फोन कर बुलाया गया। मौका ए वारदात के करीब निवास करने वाले कांग्रेस नेता शरद सांबारे के घर पर लगे सीसीटीवी में चोर भागते समय कैद हो गए। चोरों के बारे में सब जान गए है इसलिए पुलिस द्वारा उन्हें पकडकर उनपर कारवाई की जाने की मांग की गई है। रूपराव ने पुलिस को बताया कि घर के बर्तन, और 25000 रू चोर ले गए। उल्लेखनीय है कि कुछ माह पूर्व भी चोरों ने शिक्षक अनील सांबारे के घर से कुलर और एक कुर्सी पर हाथ साफ कर दिया है जिसकी शिकायत उसी समय की जा चुकी है।

अवैध कालोनियों पर कब होगी कार्रवाई खेतों की जमीन पर काट रहे हैं प्लॉट

हरिभूमि न्यूज ⏭ जुन्नारदेव

नगर पालिका क्षेत्र में अनेकों वार्ड के अंदर अवैध कालोनियों का जाल सा फैला हुआ है ।वार्ड क्रमांक 17 एवं 18 दमुआ छिंदवाड़ा रोड वार्ड क्रमांक 3 तामिया रोड वार्ड क्रमांक 10 टाटरवाड़ा रोड वार्ड क्रमांक 11 एवं 12 बगीचा मोहल्ला वार्ड क्रमांक 1 एवं दो जुन्नारदेव विशाला रोड आदि अनेकों वार्डों में खेत की जमीनों को काटकर प्लाट बनाकर बेचा जा रहा है। जिससे अवैध कालोनियां दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रही है। इन कालोनियों में सड़क नाली बिजली पानी की मूलभूत सुविधाओं की अनदेखी की जाती है ।जिसके कारण वार्ड वासियों के मकानों का गंदा पानी जगह जगह बहता रहता है। अवैध कॉलोनियों पर भू माफिया मोटी रकम कमाकर लोगों को परेशानी में झोंक देते हैं। मकान निर्माण होने के 10--15 वर्ष बाद भी पक्की नालियों एवं सड़क की सुविधा से लोग हलाकान एवं परेशान नजर आते हैं ।खेतों में प्लाटिंग करने के लिए शासन से एवं टाउन एंड कंट्री तथा नगरपालिका से विधिवत अनुमति लेना होती है ।जिसको अधिकतर भूमाफिया नजरअंदाज करते जा रहे हैं। नगर पालिका क्षेत्र से लगी हुई ग्राम पंचायतों में मुख्य सड़क के किनारे अधिकतर प्लाटिंग की जा चुकी है। जहां सैकड़ों मकान निर्मित हो चुके हैं। भू माफियाओं द्वारा खेत की भूमि खरीदने के बाद बिना डायवर्शन किए प्लाट काट काट कर बेचे जा रहे हैं ।इस काम में स्थानीय लोगों के साथ-साथ बाहरी लोगों द्वारा खरीद-फरोख्त की जा रही है ।नगर के ज्ञान सागर स्कूल के समीप लगी हुई खेती की जमीन पर दर्जनों प्लाट बिक्री किए जा चुके हैं। अवैध प्लाटिंग का यह सिलसिला लगातार जारी है। खेत की भूमियों पर छोटे-छोटे प्लाटों की रजिस्टर भी आसानी से हो जाती है । स्थानीय प्रशासन को इस दिशा में उचित कार्रवाई करने की जनापेक्षा है।

सीएम राईज स्कूल परिसर में निवासरत ठेकेदार के मजदूर खुले में शौच को मजबूर

स्कूल के आसपास हो रही गंदगी से छात्र छात्राएं परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ तामिया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छ भारत बनाने के उद्देश्य से स्वच्छता मिशन चलाया जिसमें जिन घरों में शौचालय नहीं है। इनमें शौचालय बनवाकर शौच मुक्त भारत बनाने के लिए प्रयास किया और आज भारत में बहुत हद तक गांव मोहल्ले शौच मुक्त हो गए हैं। लेकिन तामिया में शौच मुक्त भारत की अनदेखी इन दिनों सीएम राईज स्कूल, निर्माण की कंस्ट्रक्शन कंपनी इसका माखौल उड़ती देखी जा सकती है। इस कंस्ट्रक्शन कंपनी ने स्कूल भवन निर्माण में अधिकारियों की मिली भगत से मनमानी कर खेल मैदान पर अनधिकृत रूप से कब्जा कर अपना कंक्रीट मिक्सर प्लांट भी लगा रखा है। क्योंकि उन्हें अधिकारियों का खुला संरक्षण है। लेकिन अब स्कूल भवन, निर्माण कार्य करने वाले मजदूरों को ठहरने के लिए छोटे-छोटे मकान तो बना दिए? लेकिन उनके शौच करने के लिए शौचालय नहीं बनाया जिस कारण यहां के ममजदूर मजबूरन खुले में शौच करने को मजबूर हैं। इस तरह मजदूर स्कूल परिसर के आसपासही शौच करते जाते देखे जा सकते हैं। जिस कारण स्कूल के छात्र-छात्राओं को ईस, गंदगी से भारी परेशानी हो रही है ।लेकिन प्रचार्य जिन्हें भी स्वच्छता का ज्ञान होगा ? की शौच मुक्त भारत में खुले मै शौच नहीं जाना है। लेकिन वह हमेशा ठेकेदार के पक्ष में ही नजर आए? यही रवैया उनका ठेकेदार के मजदूरों का खुले में शौच जाने के मामले में भी देखने मिला रहा है। वही ग्राम पंचायत भी कम दोषी नहीं है । कि कोई मजदूर अगर शौचालय नहीं बन पाया तो उसको सरकारी सुविधा से वंचित करने की धमकी दी जाति हैं । लेकिन सीएम राईज स्कूल ठेकेदार ने अपने यहां पर कार्य करने वाले मजदूरों को बिना शौचालय के ही बसा रखा है। जिस कारण पंचायत की कार्य प्रणाली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं । कि आखिर स्वच्छ भारत एवं शौच मुक्त भारत के दौर में भी यदि ठेकेदार के मजदूरों को खुले में शौच करने जाना पड़ रहा है। तो यह प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत मिशन का माखौल ऊड़ाने जैसा ही है। वहीं ठेकेदार अपने मजदूरों को खुले में शौच रोकने के लिए अस्थाई शौचालय नहीं बनाना भी गंभीर विषय है। शीघ्र ही इन मजदूरों के लिए ठेकेदार को शौचालय बनवाकर उन्हें खुले में शौच करने से रोकने कदम उठाने होंगे ?वहीं इस स्कूल के प्राचार्य भी कम दोषी नहीं है! की ऊनके ही स्कूल परिसर के आसपास मजदूर खुले में शौच जो कर रहे हैं।

लापरवाह चालक को 2 वर्ष का कठोर करावास व 2000 अर्थदण्ड की सजा

छिंदवाड़ा। माननीय न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी छिन्दवाडा द्वारा थाना मोहखेड के अपराध क्रं 325/17 में अभियुक्त उमेश सोनी पिता गुलाब सोनी निवासी ग्राम पौनारी थाना मोहखेड को धारा 304ए भादवि में 02 वर्ष कारावास की सजा एवं 1000/- अर्थदण्ड तथा धारा 338 भादवि में 06 माह का कारावास एवं 1000 रूपये अर्थदण्ड से दंडित किया गया। घटना का विवरण इस प्रकार है- प्रकरण में मर्ग क्रमांक 114/17 धारा 174 दप्रस पंजीबद्ध उपरांत मर्ग जांच से यह प्रकट हुआ है कि अभियुक्त द्वारा दिनांक 07.10.17 को समय 19:30 बजे दिन शनिवार को नेशनल हाइवे गोरेघाट थाना मोहखेड में डम्फर क्रमांक एमपी 28 एच 1069 को डम्फर के चालक के द्वारा लापरवाही एवं उपेक्षापूर्वक चलाते हुये मानव जीवन संकटापन्न करते हुये विनोद प्रजापति को टक्कर मार दी जिससे टक्कर में आई चोटों के कारण विनोद प्रजापति गंभीर होने के कारण नागपुर के सिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसकी 09.10.17 को उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। घटना के संबंध में थाना मोहखेड में अभियुक्त के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर संपूर्ण अनुसंधान उपरांत अभियोग पत्र माननीय न्यायालय में पेश किया। जहां विचारण के दौरान आई साक्ष्य तथा अभियोजन पक्ष तथा बचाव पक्ष के तर्कों को सुनने के उपरांत माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी वाहन चालक को दोषी पाते हुये धारा 304ए भादवि में 02 वर्ष कारावास की सजा एवं 1000/- अर्थदण्ड तथा धारा 338 भादवि में 06 माह का कारावास एवं 1000 रूपये अर्थदण्ड से दंडित किया गया।

प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम उत्सव के तहत चार लाख लोग भरेगें श्रीराम पत्रक

बिछुआ। नगर के निजी लांन में श्रीराम महोत्सव के तहत ब्लाक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व ब्लाक स्तरीय बैठक रखी गई बैठक के मुख्य अतिथि प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष पं.गंगा प्रसाद तिवारी ,जिला कांग्रेस अध्यक्ष विश्वनाथ औक्टे, जिला धर्म उत्सव प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष आनंद बख्सी , चौरई विधायक चौधरी सुजीत सिंह, ब्लाक प्रभारी पूनाराम वाबिस्टाले,जिला महामंत्री इंद्रदपाल पटेल,ब्लाक अध्यक्ष पृथ्वीराज सिंह ठाकुर की उपस्थिति बैठक हुई। बैठक सम्बोधित करते हुए जिला अध्यक्ष विश्वनाथ औक्टे ने कार्यकर्ताओं सम्बोधित करते हुए कहा कि भगवान राम के नाम लेने से सभी पुण्य प्राप्त करते हैं।श्रीराम भगवान सबका कल्याण करते हैं।श्रीराम महोत्सव के तहत जिले में प्रत्येक गांव में श्रीराम पत्रक विधि विधान से लेखन किया जाएगा।उसके पश्चात सभी जिले पत्रक को अयोध्या में भगवान श्रीराम मंदिर पहुंचाया जाएगा। उसके पश्चात धर्म उत्सव समिति जिला अध्यक्ष आनंद बख्सी ने सभा बताया कि श्री राम महोत्सव पर कार्यक्रम तहत 108 राम नाम लिखने हेतु राम नाम पत्रक का घरो में वितरण किया जाएगा साथ ही ग्यारह हजार एक सौ ग्यारह राम नाम जप अथवा रामायण पाठ एवं 4-9 जनवरी और 15-18 जनवरी 2024 को महिलाओ द्वारा धार्मिक कार्यक्रम आयोजन किया जाएगा,21 जनवरी को प्रत्येक ब्लॉक मुख्यालय पर राम नाम पत्रको का एकत्रीकरण कर 22 जनवरी 2024 को दशहरा मैदान से राम नाम पत्रक श्री अयोध्या जी समारोह पूर्वक ले जाये जाएगा और शाम 6 बजे दशहरा मैदान में रामधुन के साथ कार्यक्रम का समापन होगा।

विद्यार्थियों को बाल संरक्षण सेवाओं की दी जानकारी

छिंदवाड़ा । समेकित बाल संरक्षण के अंनर्तगत लोक कल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने के मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकास खंड बिछुआ के तत्वाधान मे स्थानीय बिछुआ के शासकीय महाविद्यालय मे संचालित मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद मे अध्ययन रत बी एस डब्ल्यू .एम एस डब्ल्यू के छात्रो को जानकारी द्वारा जानकारी देते हुए किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य एवं मेंटर श्यामल राव ने देखरेख एवं सरक्षण की आवश्यकता वाला बालक को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए विभाग द्वारा18 वर्ष से कम के बालको के लिए संचालित योजनाओं मे दत्तक पुत्र योजना .पालन पोषण देखरेख योजना.जरूरत मंद बालको के संरक्षण स्पांन्सरशिप .पश्चातवर्ती देखभाल जेसी योजनाओं का लाभ दिलाने एवं लोक कल्याणकारी योजनाओं में समाज मे बढ़ रहे लिंगभेद को देखते हुए शासन द्वारा बालिकाओं को संरक्षण व अन्य की जानकारी दी गई।

कोल्हिया में इनामी पट प्रतियोगिता 31 दिसंबर से, बैलजोड़ियां दिखाएंगी जौहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिंगोड़ी

सिंगोड़ी के समीप ग्राम कोल्हिया में इनामी पट प्रतियोगिता का आयोजन 31 दिसंबर को। नवयुवक समिति ने पट प्रतियोगिता में शामिल होने का निवेदन किया। प्रथम विजेता आने पर 31000 हजार रुपए प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

कृषक बोनी बखरोनी तथा कृषि कार्य से फुर्सत होने के बाद लोकप्रिय प्रतियोगिता का आयोजन करते हैं,खास कर पट प्रतियोगिता का आयोजन ग्रामीण क्षेत्र में प्रचलित है, जहा बैल जोड़ी को दौड़ाया जाता है और प्रथम आने वाले को उचित इनाम दिया जाता है। वही यह आयोजन सिंगोड़ी के समीप ग्राम कोल्हिया में 31 दिसंबर दिन रविवार को रखा गया है आयोजक नव युवक समिति के मूरत नागवंशी ने बताया कि इस पट प्रतियोगिता में 18 नगद राशी इनाम रखा गया है जिसमे प्रथम आने वाले प्रतिभागियों को 31.000 हजार दिया जायेगा वही सबसे छोटा इनाम 2500 सौ रुपये रखा गया है।

वही बताया गया कि इस प्रतियोगिता में एंट्री फीस 2100 सौ रुपये रखी गई है तथा इस संबंध में आयोजक समिति से संपूर्ण जानकारी ले सकते है।

डॉ. आनंद सहित देश के अन्य नागरिक हुए सम्मानित

अटल बिहारी वाजपेई जी की जन्म दिवस पर हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

आज संसद मार्ग दिल्ली में भारतीय बौद्ध महासंघ के द्वारा समरसता अटल सम्मान 2023 का आयोजन प्रतिवर्ष अनुसार किया गया जिसमें कला संस्कृति साहित्य अध्यात्म राजनीति समाज सेवा के क्षेत्र में देश के गणमन नागरिकों को सम्मानित किया गया राष्ट्रीय बौद्ध महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष संघप्रिय राहुल भारती जी के नेतृत्व में यह विशाल आयोजन की भूमिका रची गई जिसमें भारत रत्न पूज्य स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई जी जन्मदिवस पर पूर्व मंत्री एवं राज्यसभा सांसद श्री सत्यनारायण जटिया जी मंत्री भारत सरकार इक़बाल सिंह जी पूर्व मंत्री भारत सरकार मुख्तार अब्बास नकवी जी श्री आदेश कुमार गुप्ता जी राष्ट्रीय कथा वाचक श्री श्री राकेशा1नंद जी महाराज अखिल भारतीय बौद्ध महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सगप्रिय राहुल भारती जी एवं कई गणमन पदाधिकारी द्वारा सम्मानित किया गयागौरतलाप है कि पिछले वर्षों में भी यह सम्मान अलग-अलग क्षेत्र में कार्य कर रहे समाजसेवी राजनीतिक एवं अन्य नागरिकों को दिया जा चुका है. .डॉ आनंद शर्मा कुंडा जिला छिंदवाड़ा को भी इस सम्मान से सम्मानित किया गया डॉ आनंद शर्मा जी द्वारा समय-समय पर निशुल्क स्वास्थ्य शिविर के द्वारा गरीब निर्धन जनमानस की सेवा की जाती है साथ ही बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए स्कूल का संचालन करते हैं धर्म प्रचार के लिए आनंद शर्मा जी द्वारा समय-समय पर देवी जागरण भजन संध्या भागवत कथा के दिव्य आयोजन से जनमानस को धर्म से जोड़ने का काम करते हैं इसलिए सम्मान समिति ने छिंदवाड़ा जिले से इन्हें चुना है

अवैध धंधों पर अंकुश लगाने पुलिस को सौंपा ज्ञापन

परासिया :- नगर में संचालित अवैध धंधों को लेकर जन प्रतिनिधि गंभीर नजर आ रहे हैं , जो कि लगातार पुलिस को शिकायत कर और ज्ञापन सौंप कर अवैध धंधों पर अंकुश लगाने की मांग कर रहे हैं । बुधवार को कांग्रेस के कुछ नेताओं ने ज्ञापन सौंप कर अवैध धंधों पर अंकुश लगाने की मांग पुलिस से रखी है । इससे पहले भाजपा के कुछ नेताओं ने अवैध धंधे पर अंकुश लगाने एसडीओ पुलिस को ज्ञापन सौंपा था । नेता प्रतिपक्ष वीर बहादुर सिंह , पार्षद पूनम कैथवास , सांसद प्रतिनिधि अशोक शर्मा ने एस डी ओ पी और थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर शहर में अवैध धंधों पर अंकुश लगाने की मांग की है । उन्होंने कहा , कि शहर में अवैध धंधों की बाढ़ सी आ गई है । अवैध दारु हर गली मोहल्ले में बिक रही है । जुआ सट्टा भी हर जगह शुरू है ।

कमजोर इच्छाशक्ति के चलते नकेल नहीं कस पा रहे ननि के कर्मचारी

दुकानदारों पर सख्ती नहीं कर पा रहा निगम का अतिक्रमण दस्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

नगर निगम आयुक्त राहुल सिंह के निर्देश पर निगम के अतिक्रमण दल द्वारा पानी टंकी, जैन स्तंभ एवं जवाहर शाला सड़क के दोनो तरफ बैठे सब्जी विक्रेताओ को रोड से हटाकर व्यवस्थित किया गया एवं पुनः सड़क पर अतिक्रमण नही करने की समझाईश दी गई। ऐसा कहकर अतिक्रमण दस्ता अपनी पीठ थपथपा रहा है जबकि यह बात सर्वविदित है कि बरसों से सब्जी बेच रहे विक्रेता और छोटे व्यापारी इतनी आसानी से अपना व्यवसाय बंद नहीं कर सकते। नगर निगम के पास इनके विस्थापन की कोई व्यवस्था नहीं होने के कारण अतिक्रमण दल सिर्फ समझाईश दे रहा है। जब तक चालान जैसी कठोर कार्यवाही नहीं होगी तब तक सिर्फ खानापूर्ति ही चलेगी जबकि बड़े अतिक्रमणकारियों पर नगर निगम अकेल कसने में नाकाम रहा है। वहीं निगमायुक्त राहुल सिंह के निर्देश पर स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मालवी द्वारा गठित दल ने मंगलवार को परासिया रोड फटका मशीन के पास से 8 आवारा मवेशी पकड़े गए जिन्हें कांजी हाउस पहुंचाया गया। इसके अलावा निगम द्वारा इमली खेड़ा में खुले में मांस मटन विक्रय करने वाले चार दुकानदारों को हटाया गया एवं 1000 का अर्ध्दण्ड आरोपित किया गया। इस तरह की मुहिम नगर निगम द्वारा पिछले कुछ दिनों से लगातार चलाई जा रही है। निगम के अधिकारी और कर्मचारी खुले में मांस मटन बेचने वालों पर कार्यवाही करते नजर आ रहे है।

जलकर जमा न करने पर दो नल कनेक्शन किए गए विच्छेद

छिंदवाड़ा। नगर निगम आयुक्त राहुल सिंह ने जलकर एवं संपत्ति कर जमा न करने वाले लोगों पर कार्यवाही के निर्देश दिए थे। इस निर्देश के पालन में वार्ड क्रमांक 22 में दो नल कनेक्शन विच्छेद किए गए। इन बकायदारों पर जलकर की 5 हजार से अधिक की राशि बकाया थी। मंगलवार को हुई इस कार्यवाही में जल प्रदाय राजस्व निरीक्षक शेखर पटेल , वार्ड एआरआई राजेश वर्मा, जीवन बघेल एवं मनोहर बघेल सहित अन्य कर्मचारी शामिल रहे।

भाजपा कार्यालय में साहिब जादे के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर मनाया वीर बाल दिवस

परासिया। आज वीर बाल दिवस के उपलक्ष में भाजपा कार्यालय परासिया में चार साहिबजादे के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए एवं भाजपा पार्षद बल्लू नागी जी के द्वारा उनकी वीरता पर प्रकाश डाला गया आज के कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष राजेश दुबे जी मंडल महामंत्री राजू पवार जी पार्षद आशीष जयसवाल पार्षद पवन सूर्यवँशी जी वरिष्ठ भाजपा नेता राजकुमार सिंह युवा नेता शेंकि नागी,मनी नागी ईशु खंडूजा सोनू विश्वकर्मा पवन बुनकर मनीष जैन सहित कार्यकर्ता उपस्थित हुये।

कार्यालय बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित-तामिया
तहसील तामिया, जिला छिन्दवाड़ा (पंजीयन क्रमांक 255, दिनांक 15/11/1976)
विशेष आमसभा की सूचना

आपको सूचित किया जाता है कि बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित तामिया की विशेष आमसभा की बैठक दिनांक 29/12/2023 दिन शुक्रवार को समय दोपहर 1:00 बजे समिति कार्यालय भवन तामिया के प्रांगण में आयोजित की गई है, अतः बैठक में उपस्थित होने की कृपा करे। बैठक में निम्नलिखित विषयों पर विचार किया जावेगा।

: विषय सूची :

1. संख्या की पंजीकृत उपविधि कंडिका (3) में संस्था के कार्यक्षेत्र में संशोधन बाबद् विचार।
2. संस्था के पुर्नगठन हेतु प्रस्तावित योजना के अनुमोदन बाबद् विचार।

टीप:- आमसभा की सूचना सभी सदस्यों को सामान्य डाक से प्रेषित की गई है।

प्रबंधक बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित तामिया

हमारा संकल्प विकसित चौरई को सफल करने एवं जनसेवा हेतु हर संभव प्रयास करेंगे : विधायक लखन वर्मा

ग्राम पंचायत झामटा एवं सामरबोह में हुआ भारत संकल्प यात्रा का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिछुआ

मंगलवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा,बिछुआ की ग्राम पंचायत झामटा एवं सामरबोह में सम्पन्न हुई आयोजन की शुरुआत मां सरस्वती व कन्या पूजन के साथ हुई एवं स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए एवं अतिथियों का स्वागत सम्मान पंचायत द्वारा किया गया एवं ग्राम पंचायत के लाभार्थी हितग्राहियों द्वारा अपने अपने अनुभव को सभी के सामने रखा, एवं विकसित भारत संकल्प यात्रा के रथ में मोदी जी की आम लोगों के लिए चलाई जा रही योजनाओं का वीडियो के माध्यम से सभी को दिखाया गया वही वक्ताओं के द्वारा आयोजन मे भाजपा सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई एवं जनता की सभी उचित समस्याओं को सुनकर हल करने का सफल प्रयास किया गया। इस दौरान- भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मीकांत(गोलू)नागरे, जनपद उपाध्यक्ष निरंकुश नागरे,जनपद अध्यक्ष सतीश भलावी,घनश्याम पवार, रामशरण पटेल,प्रमोद श्रीवास,अयोध्या सोनी , देवचंद्र पराड़कर,नरेंद्र पटेल,सचिन कड़वे,हिम्मत राम सोनी ,जितेंद्र सोनी,दुर्गेश सोनी जी,ज्ञानचंद डेहरिया,सभी पंचायत सरपंच सचिव,पदाधिकारी एवं सभी विभाग के प्रमुख पदाधिकारी एवं कर्मचारी गण मौजूद रहे ।

36 गांव में भेजे गए पूजित अक्षत कलश

सिंगोड़ी। श्री राम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र अयोध्या से आए अक्षत कलशो का विशेष पूजन अनुष्ठान करने के उपरांत आज सामूहिक रूप से सिंगोड़ी उपखंड के चार मंडलों में आने वाले 36 गांव में पूजित अक्षत कलश को सा सम्मान पहुंचाया गया श्री शौर्य मैरिज लॉन में सामूहिक रूप से श्री राम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र अयोध्या प्राण प्रतिष्ठा जन जागरण अभियान उपखंड समिति सिंगोड़ी एवं मंडल समितियां के विशेष समूह ने 36 मंडलों के गांव से आए प्रत्येक समिति सदस्यों का शाल श्रीफल से स्वागत कर उन्हें पूजित अक्षत कलश भेंट किया इस सामूहिक अक्षत कलश भेंट कार्यक्रम में परासिया जिला प्रचारक अजय शुक्ला मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे उपखंड समिति के संयोजक अशोक सतीजा के द्वारा समस्त आगंतुक अतिथियों का स्वागत वंदन कर अभिवादन किया गया कार्यक्रम उपरांत सभी उपस्थित साधकों के लिए भोजन का प्रबंध किया गया और कार्यक्रम का सकुशल समापन किया गया।

मोदी की गारंटी मतलब, गारंटी के पूरा होने की गारंटी है : संदीप

सौसर। विधानसभा क्षेत्र सौसर की 59 ग्राम पंचायत में विकसित भारत संकल्प यात्रा का भ्रमण हो रहा है इस दौरान ग्राम पंचायत में कार्यक्रमों का आयोजन करते हुए केंद्र सरकार की विभिन्न नजर कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।मंगलवार को ग्राम देवली , नंदेवानी में आयोजित 'विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस दौरान केंद्र सरकार के विभिन्न जनहितैषी योजनाओं के लाभार्थियों को संवाद कर सरकार की उपलब्धियों व जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में अवगत कराया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत सदस्य संदीप मोहोड, ने कहा कि देश और प्रदेश के विकास के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी की भी गारंटी है। इसीलिए संपूर्ण मध्य प्रदेश और देश के लाखों गांव का विकास हो रहा है। जनपद पंचायत अध्यक्ष, संजय भुते, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष नारायण वाडोडे दिनेश भलावी, खेमराज सोनेकर नामदेव पाल उपस्थित थे।

श्री महाकालेश्वर धाम मंदिर में माता अन्नपूर्णा का दरबार सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमुआ

श्री श्री महाकालेश्वर धाम शिव मंदिर थाना परिसर क्षेत्र दमुआ में अन्नपूर्णा माता का दरबार सजा है 10 दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रम में देवीय भागवत महापुराण के अनुसार माता अन्नपूर्णा जी का पर्व मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष में माता का पर्व मनाया जाता है।

जहां 10 दिन पूजन पाठ का कार्यक्रम चलता है जो दिनांक 17 दिसंबर से प्रारंभ होकर 26 दिसंबर तक चलेगा जिसमें श्रद्धालुगणो ने बड़ी संख्या में शामिल होकर आज दिनांक 26 दिसंबर को हवन पूजन अनुष्ठान के कार्यक्रम में सम्मिलित होकर पूर्ण लाभ भी अर्जित किया और कार्यक्रम के तत्पश्चात महाप्रसादी का वितरण किया गया भक्ति श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया ।

खास बात तो यह है कि अन्नपूर्णा माता के दरबार मे दूर दराज जैसे इंदौर,जबलपुर ,रीवा, सतना, दमुआ छिंदवाड़ा सहित देश विदेश जैसे अमेरिका के ओरेकल शहर से, हॉन्ग कोंग विदेश से भी भक्त श्रद्धालु माता रानी के दरबार में मनोकामना ज्योति कलश स्थापित करते हैं।

जिनके द्वारा इस वर्ष भी मनोकामना ज्योति कलश रखे गए जहां बड़ी संख्या में भक्ति श्रद्धालु गण उपस्थित थे माता रानी के दरबार में 85 मनोकामना ज्योति कलश रखे गए जबकि संपूर्ण अनुष्ठान का कार्यक्रम आचार्य पंडित श्री संतोष तिवारी जी के सानिध्य में पूजा अनुष्ठान का कार्यक्रम संपन्न हो रहा है।

मोक्ष धाम में लगाए नारियल के पेड़

परासिया :- नगर पालिका परासिया के वार्ड 21 में स्थित मोक्षधाम में अध्यक्ष विनोद मालवीय और उनके साथियों के द्वारा नारियल के पेड़ लगाए गए , ताकि मोक्ष धाम की सुंदरता बढ़ सके और पेड़ों के बड़े होने के बाद इनका लाभ उठाया जा सके ।

प्रभावती मानेकर स्कूल में हुआ वीरबाल दिवस पर कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सौंसर

शासकीय प्रभावती मानेकर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सौसर में मंगलवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया।आयोजन के दौरान सिखो के दसवें गुरु गुरु, गुरु गोविन्द सिंह इनके चार पुत्र आनंदपूर वीर बाल दिवस कार्यक्रम का आयोजन करते हुए उनका स्मरण किया। शास. प्रभावती मानेकर उमावि सौसर में स्वीर बाल दिवस के रूप में मनाया गया। इस दौरान सुमेश बरदे, साक्षी आकोटकर, यश कोल्हटकर ने अपने विचार रखे। व्याख्याता लहु सरोदे सुनिल कोरडे ने छात्रों को महत्व बताकर मार्गदर्शन किया।इस दौरान बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं उपस्थित था।

साहिब में रहते थे। मुगलों का आक्रमण हुआ, किले को बचाने में दो पुत्र शहीद हो गए थे। उनकी याद में 26 दिसम्बर को

नगरीय क्षेत्र दमुआ के वार्डों में समय पर नहीं हो रही साफ सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमुआ

नगर पालिका दमुआ के निकाय क्षेत्र एवं वार्ड एरिया में सफाई विभाग कर्मचारी के द्वारा समय पर साफ सफाई नहीं की जा रही है जिससे नागरिकों को दिक्कतो एवं परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है नागरीकगण कूड़ा कचरा गंदगी से त्रस्त हो गए हैं।

इस तरह वार्ड क्रमांक 11 के तहत अप्पू हाल के पीछे के एरिया क्षेत्र में कूड़ा कचरा का ढेर लगा हुआ है और गंदगी का साम्राज्य भी मचा हुआ है समय-समय पर साफ सफाई नहीं हो रही है न नालियों की साफ सफाई की जा रही है जिससे गंदगी फैलने का अंदेशा बना हुआ है ।कीड़े करकट मच्छर भी पनप रहे हैं बीमारी होने का डर बना हुआ है नालियों की नियमित साफ सफाई न होने से बीमारियों का खतरा बना हुआ है इस तरह अर्धनारीश्वर मंदिर दमुआ नंबर 8 जो की धार्मिक स्थल है जहां पर कचरो का ढेर लगा हुआ है वहां पर भी समय पर साफ सफाई न होने से भक्तगणों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है ।अतःनागरिकों ने शीघ्र ही नगर पालिका, पार्षद ,सभापति ,संबंधित जवाबदारी अधिकारियों से इस और ध्यान आकर्षित कर शीघ्र ही साफ सफाई वह कीटनाशकों का छिड़काव करने की मांग की है।

इसके पूर्व भी ऐसी खबरें प्रकाशित की जा चुकी है। लेकिन नगरपालिका दमुआ साफ सफाई पर कोई ध्यान नहीं दे रही है। क्षेत्र के वार्डवासी काफी परेशान है। इस तरह क्षेत्र में गंदगी होने से बीमारियों की आशंका बनी हुई है। कभी भी लोग बीमार हो सकते है।

धार्मिक आयोजनों से भाईचारा एवं प्रेम बढ़ता है : विधायक

सौंसर। सौसर क्षेत्र पावन एवं पुनीत है। क्षेत्र में अनेक विभूतियां ने जन्म लेकर क्षेत्र का नाम सामाजिक धार्मिक राजनीतिक क्षेत्र में देश में रोशन किया है। ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाले धार्मिक आयोजनों से समाज में एक जड़ता भाईचारा और प्रेम बढ़ता है।साथ ही ईश्वर के लीलाओं कोई श्रवण करने के बाद अंतर्मन की शांति भी प्राप्त होती है।उपरोक्त उदद्गार ग्राम पंचायत कुड्डम पीपला कहान मैं आयोजित धार्मिक कार्यक्रम दहिलाई में सौसर विधायक विजय चौरे ने व्यक्त किये। ग्राम कुड़ड्म में संपन्न हुए दलाई कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर हरिकीर्तन एवं दहीलाई महाप्रसाद का पुण्य लाभ लिया। दलाई कार्यक्रम में विधायक श्री चौरे के द्वारा अपने समर्थकों के साथ में पहुंचकर पूजा अर्चना करते हुए महाप्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक रामराव महाले,केशव बोडे,विट्ठल गायकवाड,निकेश इवनाती,संदीप लोनारे आदि उपस्थित थे।

उकवा सांई दरबार में मेले का आयोजन धूमधाम से मनाया

हरिभूमि न्यूज उकवा।

सांई दरबार पानीटोला उकवा में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी ब्रम्हा विष्णु महेश का एक स्वरुप भगवान दंतात्रय की जयंती के अवसर पर 26 दिसंबर को मंडई मेले का भव्य आयोजन किया गया आयोजन को सफल बनाने हेतु 25 दिसंबर तक उकवा क्षेत्र के आस पास के समस्त ग्रामो में सांई बाबा की पालकी का भ्रमण कराया गया जिसमे सांई दर्शन कर सांई भक्तो ने जमकर चढ़ावा भी चढ़ाया सांई दरबार पानीटोला उकवा में पिछले कई वर्षो से सांई मेले का आयोजन किया जा रहा है जिसमे उकवा एवं आस पास क्षेत्र की जनता अपनी पूरी श्रद्धा से सांई दरबार पहुँच कर पहले सांई बाबा की पूजा अर्चना करते है उसके बाद विशाल भंडारे में जाकर महाप्रसादी का भोग करते है उसके बाद मेले में घूम घूम कर खरीदी करते है एवं मेले का भरपूर आनंद लेते है ।

छात्र-छात्राओं से रूबरू हुई एसडीओपी : लैंगिक उत्पीड़न और कानूनी जागरूकता विषय पर हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

कटंगी नगर की उच्च शैक्षणिक संस्था शासकीय राजा भोज महाविद्यालय में मंगलवार को अनुविभागीय अधिकारी पुलिस छात्र-छात्राओं से रूबरू हुई. महाविद्यालय में महिला निवारण शिकायत समिति की ओर से लैंगिक उत्पीड़न और कानूनी जागरूकता विषय पर जानकारी प्रदान करने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया था. जहां पर एसडीओपी माणिक मणि कुमावत बतौर प्रमुख वक्ता के रूप में शामिल हुई. महाविद्यालय के प्राचार्य अनिल कुमार शेण्डे और आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ कुसुमलता उइके के मार्गदर्शन और सुश्री कविता अहिंगारे, सुश्री शीतल गुजरे के नेतृत्व में कार्यशाला का आयोजन हुआ. इस दौरान जनभागीदारी समिति सदस्य टेलेन्द्र बाघमारे भी मौजूद रहे. जहां पर एसडीओपी ने बताया कि किस तरह महिलाओं के साथ कार्यस्थल पर शोषण किया जाता है शोषण की कई तरीके हो सकते है. इसलिए महिलाओं को संरक्षण प्रदान करने के लिए और कार्यस्थल पर उसके अधिकारों की रक्षा करने के लिए महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम, 2013 अधिनियमित किया गया है. जिसके चलते हर कार्यालय में एक समिति बनी हुई है जहां महिलाएं अपनी शिकायत दर्ज करा सकती है।

एसडीओपी ने जन सामान्य के समझ आने वाली साधारण भाषा में छात्र-छात्राओं को कानूनी जानकारी दी. इस दौरान छात्रों ने भी अपनी जिज्ञासाओं को शांत करने के लिए एसडीओपी से कई सवाल पूछे जिनका उन्होंने जवाब देकर विद्यार्थियों को संतुष्ट किया. इससे पहले एसडीओपी ने छात्र-छात्राओं से कहा कि वह सोशल मीडिया के कई प्लेटफार्म और डेटिंग एप से दूर रहे. सोशल मीडिया पर दिन में होने वाली सभी छोटी-बड़ी एक्टिविटी पोस्ट करना घातक होता है खासतौर से छात्राओं के लिए ऐसा करना कई बार कई मुश्किलों को जन्म देता है. उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि सोशल मीडिया की बजाए उपन्यास, साहित्य और इतिहास की पुस्तकों में अपना समय लगाए. जिससे एक बेहतर भविष्य की संरचना होगी. जीवन को खुशहाल बनाने के लिए परिवार और अच्छे दोस्तों के साथ अपना वक्त गुजारे. इससे आत्मविश्वास भी बढ़ेगा और रिश्तों में भी सुधार आएगा. हालांकि उन्होंने यह भी कि रिश्तों की पहचान करना भी बेहद आवश्यक है किसी पर भी अचानक से भरोसा करना गलत है. चूकिं महिलाओं से उत्पीड़न के अधिकांश मामलों में उनके करीबी ही अपराधी पाए जाते है. इसलिए सही और गलत की पहचान करें. अगर कोई परेशान करता है तो सबसे पहले अपने माता-पिता या स्कूल-कॉलेज में प्राचार्य से शिकायत करें. पुलिस नाम की पहचान किए बगैर भी पीड़ित को मदद पहुंचाती है. उन्होंने कहा कि छोटे बच्चों को गुड़ टच और बेड टच के बारे में जरूर बताए।

वेस्ट जोन विश्वविद्यालय बास्केटबाल प्रतियोगिता के लिए महाविद्यालय के 4 युवाओं का चयन

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

शासकीय शंकरसाव पटेल महाविद्यालय वारासिवनी के 04 छात्रों का चयन वेस्ट जोन विश्वविद्यालय बास्केटबाल प्रतियोगिता हेतु हुआ है। जिसका आयोजन 26 दिसम्बर 2023 से 30.12.2023 तक राजस्थान विश्वविद्यालय द्वारा जयपुर में किया जा रहा है। ये सभी 04 छात्र राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय छिंदवाड़ा टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। महाविद्यालय के छात्र सिद्धांत चिचखेड़े पिता पवन चिचखेड़े, मधुर डोंगरे पिता गोवर्धन डोंगरे, गौतम मेश्राम पिता सुनील मेश्राम, त्रिलोक बागड़े पिता गनपत बागड़े इनका चयन सर्वप्रथम महाविद्यालय की टीम में हुआ। तत्पश्चात इन्होंने जिला स्तरीय बास्केटबाल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया एवं विजेता का खिताब जीता। जिससे इनका चयन विश्वविद्यालय की टीम हेतु हुआ। अब यह सभी छात्र राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय छिंदवाड़ा का प्रतिनिधित्व राजस्थान में करने हेतु रवाना हुये हैं। यह महाविद्यालय के लिये गौरव का विषय है कि महाविद्यालय के 04 छात्रों का चयन छिंदवाड़ा विश्वविद्यालय की टीम हेतु हुआ है। इनके चयन पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 प्रवीण श्रीवास्तव, प्राध्यापक डॉ0 सरिता कोल्हेकर, प्रो0 एस0 डी0 तिरपुड़े एवं क्रीडा समिति के सभी वरिष्ठ सदस्य एवं समस्त महाविद्यालय परिवार ने बधाईयां दी एवं उज्जवल भविष्य की कामना की। यह समस्त जानकारी महाविद्यालय के क्रीडा अधिकारी विकास साहू द्वारा दी गई।

बैल गाड़ी चालकों ने विधायक विवेक विक्की पटेल का जताया आभार

बिना रायल्टी के बैल गाड़ी चालक कर सकते हैं रेत का परिवहन

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

शहर में बीते कई वर्षों से बैलगाडिय़ों से नदी से रेत का परिवहन कर रहे छोटे किसानों को रेत ठेकेदार द्वारा रेत परिवहन पर बीते करीब 15 दिनों से रोक लगा दी गई थी, जिसकी वजह से बैलगाड़ी वाले बेरोजगार हो गए थे। रेत परिवहन पर रोक लगाए जाने के बाद बेरोजगार हुए करीब 50 से अधिक बैलगाड़ी चलाने वालों ने सम्बंधित ठेकेदार से उन्हें बैलगाड़ी से रेत का परिवहन पूर्व की तरह करने देने का निवेदन किया था।

लेकिन उनकी समस्या का समाधान नहीं निकल पाने के बाद इन बैलगाड़ी चालकों ने स्थानीय विधायक विवेक पटेल से उनकी समस्याओं का निदान करने की अपील की थी। लेकिन विधायक श्री पटेल के विधानसभा सत्र में शामिल होने के चलते उनकी समस्याओं का हल नहीं निकल पाया था। जिसके बाद मंगलवार 26 दिसंबर को इन बैलगाड़ी चालकों ने पुनः विधायक विवेक पटेल से मुलाकात कर उनकी समस्याओं का निराकरण करने की मांग की। जिस पर उन्होंने बैलगाडिय़ों के माध्यम से रेत निकालने वालों को बुधवार से पूर्व की तरह रेत निकालने का फरमान सुनाया हैं।

बैलगाड़ी चालक नदी से निकाल सकते हैं रेत-विवेक पटेल

इस सम्बंध में विधायक श्री पटेल ने कहा कि बैलगाडिय़ों से गरीब किसान रेत का परिवहन कर उपभोक्ताओं को सस्ती दर पर वर्षो से रेत उपलब्ध करवा रहे थे। लेकिन कुछ दिनों से रेत ठेकेदार द्वारा उनके रेत निकालने पर रोक लगा दी गई हैं। जिसको लेकर आज बैलगाड़ी वालों ने उनके पास आकर अपनी समस्याओं से अवगत कराकर उसका निदान करने की अपील की। जिसके बाद उन्होंने उन्हें बुधवार से नदियों से रेत निकालने कहा हैं।

बैलगाड़ी से रेत निकासी पर कोई रोक नहीं

उन्होंने कहा कि बैलगाडिय़ों से रेत निकासी पर कोई रोक नहीं हैं, इसके बावजूद भी ऐसा किया जा रहा हैं। इतना ही नहीं रेत की रॉयल्टी अचानक बड़ा दिए जाने की भी उन्हें जानकारी मिल रही हैं। जिससे उपभोक्ताओं पर भी अतिरिक्त भार पड़ रहा हैं। जिसके लिए वे शीघ्र ही प्रशासन के साथ चर्चा कर इसका समाधान निकालेंगे, ताकि उपभोक्ताओं को सस्ती दर पर रेत प्राप्त हो सके। विधायक श्री पटेल द्वारा बैलगाड़ी चालकों को नदियों से रेत निकालने के लिए कहने के बाद बैलगाड़ी चालकों ने उनके प्रति आभार प्रकट किया हैं।

पालडोंगरी कैप से सरकारी धान की चोरी: सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

मौके पर पंहुचे दल ने बनाया पंचनामा

हरिभूमि न्यूज लांजी। वर्तमान में खरीफ की धान फसल की सरकार द्वारा किसानों से खरीदी प्रारंभ है और ऐसे में पालडोंगरी स्थित शासकीय धान उपार्जन केंद्र में रखे सरकारी धान की चोरी की वारदात सामने आयी है, जिसके बाद कुछ किसानों ने इस बात को लेकर आवाज उठाई तो मौके पर सहकारी साख समिती प्रबंधक व उपार्जन केंद्र प्रभारी के साथ ही संबंधित पटवारी भी मौके पर पंहुचे और वहां रखे शासकीय धान के बोरो की गिनती की जिसके बाद पाया गया कि स्टॉक में से 02 बोरे गायब है और इसके साथ ही खाली बोरे भी गायब पाए गए। उक्ताशय की निश्चित जानकारी के साथ घटना का पंचनामा बनाया गया,वहीं इस बात की जानकारी लगते ही पालडोंगरी कैप में मिडियाकर्मी भी पंहुच गए और संबंधितों का बयान आदि भी लिया जिसमें बताया गया कि गांव के ही एक किसान के बेटे के द्वारा इस घटना को अंजाम दिया गया है। वहीं यह पूरी वारदात कैप में लगाए गए सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई जिसमें स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि एक किसान का धान से भरा ट्रैक्टर आया जिसमें से उतरे किसी व्यकंट नामक किसान के बेटे ने धान खाली करते समय सरकारी स्टॉक में से 02 बोरे धान नीचे लाकर उस पर अपना धान रख दिया और इस प्रकार सरकारी धान की चोरी को अंजाम दिया गया, बताया गया कि यह पूरा घटनाक्रम 24 दिसंबरकी शाम लगभग 4.51 बजे के दरम्यानी का है तो वहीं यह पूरा वाकया वहां मौजूद सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया।हालांकि पंचनामा कार्यवाही तो की जा चुकी है लेकिन समाचार लिखे जाने इस बारे में एफआईआर दर्ज किए जाने की जानकारी सामने नहीं आयी, जबकि इस बारे में सहकारी साख समिती शाखा प्रबंधक मानिकलाल नगपुरे ने कहा कि इसकी जानकारी संबंधित उच्चाधिकारियों को दे दी जाएगी और फिर वे जो आदेश करेंगे उसके अनुसार आगे की कार्यवाही की जाएगी। इस बारे में वहां मौके पर मौजूद चैकीदार का बयान भी सामने आया है।

इनका कहना है

मुझे यह नहीं पता कल 24 दिसंबर रविववार को चैकीदार जितेंद्र धारणे के द्वारा बताया गया कि 5-6 बजे कि यहां पर व्यंकट उमरे कृषक के द्वारा धान डाला गया जिसमें हमारी खरीदी 2 बोरी में अपने स्टैक में रखा है, वो जानकारी मेरे को रात में करीब 9 बजे दी है। 2 बोरी धान उक्त किसान के स्टैक से निकाली गई, किसान पुराने बारदाने आए है तो उसे चोरी कर ले जाकर भी उसमें धान भरकर लेकर आ सकता है। खाली बोरे जिनमें मार्क लगे है उसे भी भीड़ का फायदा उठाकर किसान चोरी कर ले जा सकते है। यह बारे में अपने उच्चाधिकारियों को अवगत कराएंगे उनके निर्देशानुसार ही अग्रिम कार्यवाही करेंगे।

मानिकलाल नगपुरे, संस्था प्रबंधक,
प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिती पालडोंगरी

शाम में जब घूमते हुए निकले तो पता चला कि यहां स्टैक में 02 बोरी कम थी सुबह देखा गया तो छल्ली बराबर थी। उसके बाद फिर बोला गया उनको कि हमारे धान के पास में धान मत रखा करो परेशानी होती है, इधर उधर बोरी हो जाएगी तो फिर आगे परेशानी होगी। उनने कहा कि हमने तो पूछ लिए है इसलिए खाली कर दिए। यह 4 से 5 बजे की बात है, फिर मै शाम में रिवीजन किया सीसीटीवी कैमरे तो वहां पर भी दिखे चोरी करते हुए 3 बार बोरी खींचते हुए दिखे है। संतोष उमरे था पालडोंगरी का रहने वाला है पिता का नाम व्यंकट उमरे है।

जितेंद्र कुमार धारणे,
चैकीदार, पालडोंगरी कैप

खबर संक्षेप

वीर बाल दिवस का आयोजन

हरिभूमि न्यूज सिवनी। सरस्वती शिशु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भैरोगंज सिवनी में वीर बाल दिवस का आयोजन चुन्नीलाल बोपचे के मुख्य आतिथ्य एवं प्राचार्य शओम प्रकाश यादव की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर धर्म के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले शहीद जोरावर सिंह एवं फतेह सिंह के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर आयोजन का शुभारंभ किया गया, तत्पश्चात अपने उद्बोधन में विभाग समन्वयक चुन्नी लाल जी ने शहीद जोरावर सिंह एवं फतेह सिंह के बलिदानी प्रेरणादायक प्रसंग का विस्तृत विवेचन किया। इसके उपरांत उद्बोधन देते हुए प्राचार्य श्री ओम प्रकाश यादव ने राष्ट्र और धर्म के लिए अपना बलिदान देने वाले गुरु गोविंद सिंह के दोनों पुत्रों को विद्यालय परिवार की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित की । अतिथि स्वागत वरिष्ठ व्याख्याता श्री प्रकाश गुप्ता ने किया जबकि कार्यक्रम का संचालन श्रीमती कीर्ति ठाकुर दीदी ने किया। इस अवसर पर बहन स्वर्णिमा सोनी एवं श्रीमती नीति पांडे दीदी ने भी प्रेरक उद्बोधन दिया।

विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर के दौरान योजनाओं के लाभ से छूटे पात्र हितग्राहियों को किया जा रहा है लाभांवित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

केन्द्र एवं प्रदेश शासन द्वारा शतप्रतिशत लक्षित लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं से लाभांवित करने के उद्देश्य से 26 जनवरी 2024 तक सम्पूर्ण प्रदेश में चलने वाली "विकसित भारत संकल्प यात्रा" प्रचार रथ के माध्यम से नगरीय एवं ग्राम पंचायतों में शिविरों का आयोजन कर आमजनों को विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं की जानकारी प्रदाय कर मौकास्थल पर योजनाओं से लाभांवित किया जा रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा" सम्पूर्ण प्रदेश के साथ ही जिले में भी ग्रामवार-वार्डवार संचालित है। मंगलवार 26 दिसम्बर को बरघाट विकासखण्ड की ग्रामपंचायत अटारी एवं छपारा, छपारा विकासखण्ड की ग्राम पंचायत पहाड़ी एवं देवरीकलॉ, धनौरा विकासखण्ड की ग्राम पंचायत झालवानीमाल एवं जामुनपानी, घंसौर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत भिलाई एवं पिपरिया, केवलारी विकासखण्ड की ग्राम पंचायत साकरी एवं पांडीवाड़ा, कुरई विकासखण्ड की ग्राम पंचायत सागर एवं ग्वारी तथा लखनादौन विकासखण्ड की ग्राम पंचायत अमई एवं बीबी तथा सिवनी विकासखण्ड की ग्राम पंचायत लखनवाड़ा, बम्हनी, बम्होड़ी एवं खेरी पहुंची। "विकसित भारत संकल्प यात्रा" के दौरान यात्रा में शामिल प्रचार वाहनों द्वारा एलईडी वाल के माध्यम से ग्रामीणों को कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम स्थल पर संबंधित विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया गया तथा पात्र हितग्राहियों को मौके में लाभांवित करने की कार्यवाही भी की गई।

आज यहां पहुंचेंगे प्रचार रथ

27 दिसम्बर 23 को विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत बरघाट विकासखण्ड की ग्राम पंचायत पौनारकला, धारनाकला, छपारा विकासखण्ड की ग्राम पंचायत गोरखपुर एवं कुर्सीपार, धनौरा विकासखण्ड की ग्राम पंचायत ऊमरपानी एवं बरेली, घंसौर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत मोहगांव एवं मानेगांव, केवलारी की ग्राम पंचायत रतनपुर एवं खैरी, कुरई विकासखण्ड की ग्राम पंचायत बेलपेठ एवं जोगीवाड़ा, लखनादौन की ग्राम पंचायत सुहागपुर एवं पूरवा तथा सिवनी विकासखण्ड की ग्राम पंचायत जोरावारी, लूघरवाड़ा, एवं छतरपुर पहुंचेगी।

यात्रा के दौरान इन योजनाओं का मिलेगा लाभ

विकसित भारत संकल्प यात्रा में आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना (ग्रामीण), पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम पोषण अभियान, हर घर जल-जल जीवन मिशन, गांवों का सर्वेक्षण और ग्रामीण क्षेत्रों में तात्कालिक प्रौद्योगिकी के साथ मानचित्रण (स्वामित्व), जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, पीएम प्रणाम योजना, नैनो उर्वरक का उपयोग, स्वाइल हैल्थ कार्ड व उन्नत कृषि यंत्र तथा शहरी क्षेत्रों में आयोजित अभियान में पीएम स्वनिधि योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम मुद्रा लोन योजना, स्टार्टअप इंडिया, स्टैंडअप इंडिया, आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, पीएम आवास योजना (शहरी), स्वच्छ भारत अभियान (शहरी), उजाला योजना, अमृत योजना, पीएम जन औषधि परियोजना, सौभाग्य योजना, डिजिटल भुगतान अधोसंरचना, खेलो इंडिया, आरसीएसः उड़ान, वंदे भारत ट्रेनें और अमृत भारत स्टेशन योजना को सम्मिलित किया गया है।

भारत माता की भव्य महाआरती एवं विराट कवि सम्मेलन का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज सिवनी। नगर के हृदय स्थल शुक्रवारी गांधी चौक में भारत माता की महाआरती एवं विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम के आयोजन कर्ता सुजीत जैन पूर्व जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश कर समिति सदस्य भाजपा ने अपने उद्बोधन में कहा कि मातृभूमि के प्रति हमारी श्रद्धा से ही हमारा गौरव को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए हमें इसका गुणगान वैसे ही करना चाहिए जैसा अन्य देवता देवी का करते हैं भारत की गौरव गाथा और आरती को लेकर भारत माता की महाआरती कर हम सब गोरांवित हे आयोजन में ग्रामीण क्षेत्र से आए हुए नागरिकों एवं नगर के नवयुवकों ने कहा कि हमें पहली बार ऐसी प्रेरणा मिली और हम सब चाहते हैं कि हमेशा इस प्रकार के आयोजन होते रहे लगभग हजारों नागरिकों की उपस्थिति में आयोजित गांधी चौक प्रांगण में भारत माता की महाआरती के अवसर पर कार्यकर्म को भव्य बनाने पर सुजीत जैन ने सभी का आभार व्यक्त किया कार्यक्रम के पूर्व अयोध्या में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर भजनों का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें भजन मेरी झोपड़ी के भाग आज खुल जाएंगे जैसे भजनों ने उपस्थित नागरिकों को मंत्र मुक्त कर दिया राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के शैलेंद्र बिसेन ने अयोध्या चलने का आह्वान गीत के माध्यम से किया भारत माता की महाआरती कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुख्य रूप से डॉक्टर ढाल सिंह बिसेन सिवनी बालाघाट सांसद , वेद सिंह ठाकुर , सुदर्शन बाझल , श्रीमती नीता पटेरिया पूर्व सांसद विधायक , नरेश दिवाकर पूर्व विधायक , प्रेम तिवारी पूर्व जिला अध्यक्ष , अशोक शुक्ला , अजय डगोरिया , गजानन पंचेश्वर , संजय मालू , अनिल नाहटा , संतोष नागपूरे , संजय पप्पू सोनी , अभिषेक दुबे , श्रीमती सीमा चौहान मातृशक्ति संगठन , श्रीमती प्रतिमा बेदी , श्रीमती सुषमा राय सृजन संस्था ,

कार्यक्रम के आयोजक सुजीत जैन ने आयोजन में उपस्थित समस्तनागरिकों का आभार व्यक्त किया

श्रीमती अमृता बेदी श्रीमती , अमृता दुबे जन समस्या निवारण संस्थान , समाजसेवी श्रीमती पुष्पा मेहंदीरत्ता श्रीमती नीतू संदीप दुबे , श्रीमती कविता शर्मा , श्रीमती रुक्मणी सनोडीया श्रीमती किरण वाहाने , श्रीमती यशोदा डहेरिया , श्रीमती विजय लक्ष्मी नगोत्रा , श्रीमती श्वेता मिश्रा , आशीष माना ठाकुर , शुभम राजपूत , एवं विशेष रूप से भूतपूर्व सैनिकों की गरिमामय उपस्थी रही एवं बहुउद्देशीय समाजसेवी , संगठन गुंज संस्था युवा मोर्चा, विद्यार्थी परिषद , सहित ही अखिलेश यादव महेंद्र नायक अन्नपूर्णा मिश्रा में उपस्थिति रही ही हजारों की संख्या में महिलाओं एवं पुरुषों ने भारत माता की आरती एवं विराट कवि सम्मेलन आयोजन का आनंद देर रात्रि तक उठाया आयोजन को भव्य बनाने में अलकेश रजक विधानसभा विस्तारक पूर्व पार्षद , वीरेंद्र डेहरिया, पत्रकार राकेश मालवीय , सुरेंद्र बंटी डेहरिया , तेजस्व शीनू तिवारी , नीरज यादव , पंजु डहेरिया , एवं डीपी चतुर्वेदी विधि महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं का विशेष योगदान रहा।

अभ्यर्थी विजय सोनी के प्रस्तावक शिवम जैन नें उठाया फॉर्म चुनाव हुआ निर्विरोध

जनपद पंचायत घंसौर अंतर्गत आगामी 5 जनवरी को रिटर्निंग ऑफिसर अमृत लाल धुर्वे एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर मदन रोशन इनवाती की देख देख में अलग-अलग ग्राम पंचायतों में वार्ड पंच के उप चुनाव सम्पन्न किए जा रहें हें जिसमें मिली जानकारी के अनुसार अभ्यर्थियों से नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 26 दिसंबर को अभ्यर्थी विजय सोनी के बाहर जाने के चलते उनके प्रस्तावक शिवम जैन नें फॉर्म उठा लिया है जिसके कारण अनारक्षित मुक्त वार्ड क्रमांक 7 को निर्विरोध घोषित कर दिया है जिसकी सबसे बड़ी वजह पूर्व मालगुजार घराने से ताल्लुक रखने वाले कुंवर शक्ति सिंह बतलाए जा रहे हैं बताया जा रहा है कि उक्त वार्ड पूर्व में कुंवर शक्ति सिंह के कारण ही निर्विरोध हुआ था जिसमें उन्होंने यादव समाज से ताल्लुक रखने वाले पुरानी बस्ती घंसौर निवासी दिवंगत जमुना यादव को निर्विरोध वार्ड पंच बनाया था परंतु इस बार यादव समाज से कोई भी अभ्यर्थी मैदान पर नहीं उतारा गया बावजूद इसके उक्त वार्ड को कुंवर शक्ति सिंह नें अपना दबदबा कायम करते हुए दोबारा निर्विरोध कराया और अभ्यर्थी अजय सेन को ग्राम पंचायत घंसौर का वार्ड पंच बनाने में अपनी अहम भूमिका निभाई जिसमें उनके साथ दीपक राजपूत नें भी कंधे से कंधा मिलाकर उनका सहयोग किया। कहा जा रहा है कि उक्त वार्ड को निर्विरोध करानें से पहले नगर घंसौर में काफी कशमाकश देखी गई परंतू राजनीति के चाणक्य कहे जाने वाले कुंवर शक्ति सिंह नें अपनी रणनीति लगाकर आखिरकार उक्त वार्ड को निर्विरोध करा ही दिया निर्विरोध होते ही वार्ड वासियों ने अजय सेन को बधाइयां प्रेषित की।

तबस्सुम खान डिस्ट्रिक जज के पद पर पदोन्नत हुई

हरिभूमि न्यूज सिवनी। जिले में प्रतिभाओं की कमी नहीं रही। जिले की प्रतिभाओं को मौका मिलते ही उन्होंने अपने परिवार और जिले का नाम रोशन किया है ऐसी ही प्रतिभा की धनी है तबस्सुम खान जो डिस्ट्रिक जज के पद पर पदोन्नत हुई है। सिवनी जिले के प्रख्यात अधिवक्ता और समाज सेवी स्वर्गीय जकी अनवर की बेटी तबस्सुम खान वर्तमान में जबलपुर कोर्ट मे सिविल जज के रूप में सेवाएं दे रही थी। बता दे की तबस्सुम खान सीनियर अधिवक्ता सज्जाद अनवर की भतीजी और शहीद वार्ड के पार्षद जोएब जकी अनवर और युवा अधिवक्ता सोहेल जकी अनवर की बड़ी बहन है जिनकी प्रारंभिक शिक्षा सिवनी में ही हुई है। तब्बसूम खान 2011 में सिविल जज जूनियर डिवीजन और 2018 में पदोन्नत होकर सिविल जज सीनियर डिवीजन और 2023 में जिला न्यायाधीश के लिए पदोन्नत हुई है। तब्बसुम खान को मिली उपलब्धि पर परिजनों और शुभचिंतको ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना किया।

पशु पालक सेक्स शाटेड सीमन का उपयोग कर पाये उन्नत नस्ल की बछिया

हरिभूमि न्यूज सिवनी। उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग सिवनी द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि मध्यप्रदेश सरकार द्वारा पशुओं की नस्ल में तेजी से सुधार एवं दुग्ध उत्पादन में शीघ्र वृध्दि हेतु गौवंशीय पशुओं में सेक्स शार्टेड सीमन का उपयोग करने से मादा गोवंशीय पशु केवल उन्नत नस्ल की बछिया को जन्म देते हैं। सेक्स शार्टेड सीमन का उपयोग करने से पशुओं में नस्ल सुंधार तेजी से होता है साथ केवल बछिया के जन्म होने से भविष्य में दुग्ध उत्पादन में वृध्दि होती है। पशु पालन विभाग जिला सिवनी के सभी पशु चिकित्सा संस्थाओं में सेक्स शार्टेड सीमन उपलब्ध है। अतः पशुपालकों से अपील है कि नजदीकी पशुचिकित्सा संस्था में सेक्स शार्टेड सीमन से अपने गौवंशीय पशुओं में कृतिम गर्भाधान कार्य कराएं या घर पहुंच सेवा हेतु टोंल फ्री नंबर 1962 में संपर्क करें।

जल शक्ति अभियान केन्द्रीय दल का जिले में तीन दिवसीय भ्रमण

ज्वाईंट सेक्रेटरी श्री चावला ने जिले में जल संवर्धन को लेकर किए गए कार्यों की समीक्षा की

जल शक्ति अभियान केन्द्रीय दल 26, 27 एवं 28 दिसम्बर 23 को जिले के भ्रमण में रहेगा। इस दौरान दल द्वारा जल शक्ति अभियान अंतर्गत जिले में हुए जल संवर्धन को लेकर किए गए एवं प्रगतिरत विभिन्न कार्यों का अवलोकन किया जाएगा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

इसी परिपेक्ष्य में मंगलवार 26 दिसम्बर को ज्वाईंट सेकेटरी, संस्कृति मंत्रालय भारत शासन नई दिल्ली श्री गुरूमीत सिंह चावला की अध्यक्षता में जल शक्ति अभियान की बैठक जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में प्रभारी कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सिवनी श्री पवार नवजीवन विजय, वनमण्डाधिकारी वशु कानोजिया सहित, पीएचई, जल संसाधन, यांत्रिकी विभाग, कृषि विभाग, जल जीवन मिशन एवं सभी जनपद पंचायत अधिकारियों की उपस्थिति रही।

बैठक में ज्वाईंट सेक्रेटरी श्री चावला को संबंधित विभागों द्वारा जिले में जल शक्ति अभियान अंतर्गत जल संवर्धन को लेकर किए गए कार्यों एवं योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। ज्वाईंट सेक्रेटरी श्री चावला ने जल संवर्धन को लेकर जिले में हुए कार्यों की सराहना की। उन्होंने संबंधित विभागाधिकारियों को जल शक्ति के उद्देश्य अवगत कराते हुए आगामी समय को दृष्टिगत रखते हुए जल संचयन कर जल का सदुउपयोग करने एवं भूमिगत जल को बढ़ाने की दिशा में कार्य करने की बात कही। उन्होंने जिले के सभी अमृत सरोवरों के आस-पास वृहद स्तर पर वृक्षारोपण करने के निर्देश दिए। तत्पश्चात ज्वाईंट सेक्रेटरी श्री चावला ने ग्राम पंचायत कोहका मानेगांव स्थित बबरिया तालाब, ग्राम पंचायत मैली केकड़वानी में जल जीवन मिशन अंतर्गत किए गए कार्यों एवं पानी की टंकी, वृक्षारोपण कार्यों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों से जल संवर्धन एवं जलापूर्ति को लेकर चर्चा की।

गरीब कल्याण हमारा प्रथम लक्ष्य,योजना का लाभ लेकर भारत को सशक्त बनाये - संतोष अग्रवाल

पात्र हितग्राहियों तक योजना का लाभ पहुंचाना विकसित भारत संकल्प यात्रा का मूल उद्देश्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष संतोष अग्रवाल ने 26 दिसंबर को विकसित भारत संकल्प यात्रा में ग्राम पंचायत लखनवाड़ा में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर ग्रामीणों से भारत सरकार एवं प्रदेश की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेकर भारत को विकसित देश की श्रेणी लाने में अपनी भूमिका सुनिश्चित करने का आह्वान किया ।

भाजपा जिला सह मीडिया प्रभारी मनोज मर्दन त्रिवेदी ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान लखनवाड़ा में उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुये श्री अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जनकल्याण के जो वायदे किये है वह आम जनता तक पहुँचें यह प्रधानमंत्री मोदी जी की गारंटी है और इस गारंटी को के बावजूद भी यदि कोई वंचित रह गया है तो उसे लाभ प्रदान करने के लिये विकसित भारत संकल्प यात्रा पूरे देश के साथ ही हमारे क्षेत्र के हर ग्राम ग्राम तक जाकर लाभ देने का काम कर रही है । देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हर व्यक्ति को विकास को की मुख्यधारा में जोड़कर कर देश को सशक्त बनाने के लिये संकल्पित है। श्री अग्रवाल ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान जनकल्याण की योजनाओं का पात्र व्यक्तियों को तत्काल लाभ दिलाये जाने के साथ इस यात्रा के दौरान ऐसी उपयोगी जानकारियाँ भी दी जा रही है जिससे कृषको को अपने उत्पादन को बढाने और गुणवत्ता पूर्ण बनाने के लिये मदद प्राप्त होगी और कृषि आय में बढौत्री हो, स्वास्थ्य शिक्षा और स्वच्छता संबंधी अनेक उपयोगी जानकारियां विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान प्रदान की जा रही है ।

भाजपा कार्यालय मे पूर्ण गरिमा के साथ मनाया अटल बिहारी वाजपेई का जन्म दिवस

सिवनी। भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री भाजपा के पितृ पुरुष श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई का जन्म दिवस भारतीय जनता पार्टी कार्यालय बारापत्थर पर पूर्ण गरिमा के साथ मनाया गया । भाजपा के वरिष्ठ नेता वेद सिंह ठाकुर सुदर्शन बाझल एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष अग्रवाल वरिष्ठ नेता ओम दुबे कार्यक्रम के प्रभारी तरूण मुनिया टांक एवं निरंजन मिश्रा सहित अन्य भाजपा के वरिष्ठजनों ने नगर के साहित्य उपासक कविगणों के साथ माँ सरस्वती एवं भारत माता का पूजन कर श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी, पंडित दीन दयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । कार्यक्रम दो चरणों में संपन्न हुआ है प्रथम चरण में नगर के साहित्य प्रेमी कवियों ने अपने काव्य पाठ के माध्यम से कवि हृदय पंडित अटल बिहारी वाजपेयी को श्रद्धासुमन अर्पित किये तथ अपने काव्य रस से उपस्थित जनों को जागृत करने का काम किया । पंडित अटल बिहारी बाजपेयी को उपस्थित भाजपा के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने अटल जी को श्रद्धासुमन अर्पित किये ।

SPL लीग मैचों में GSC, नाइट राइडर्स , JRB पटेल 11, ग्रीन सिटी ने जीते मैच

28 दिसंबर से ओपन वर्ग के लीग मैच होंगे प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज सिवनी। सिवनी प्रीमियर लीग के चौथे दिन संघर्षपूर्ण मुकाबले खेले गए **SPL** टूर्नामेंट में आज के मुख्य अतिथि के तौर पर इनकम टैक्स वकील अमित महाजन जी विद्युत ठेकेदार रानू ठाकुर जी प्रेस क्लब की क्रिकेट टीम के सभी सदस्य, मुस्तफा भाई प्रॉपर्टी डीलर नैनपुर रहे रहे आप सभी ने अलग-अलग मैचों में आयोजन समिति के अध्यक्ष नरेंद्र ठाकुर योगेश राजपूत आसिफ पटेल जोएब खान आरिफ खान जीशान खान के साथ टॉस की प्रक्रिया में भाग लिया.. **SPL** टूर्नामेंट अध्यक्ष नरेंद्र ठाकुर ने आज के मैचों के विवरण की जानकारी देते हुए बताया कि सिवनी प्रीमियर लीग के लीग मैचों में आज 6 मैच खेले गए आज का पहला मुकाबला गजानंद स्पोर्ट्स क्लब और हेल्थ क्लब के मध्य खेला गया जिसमें टॉस जीत कर हेल्थ क्लब में पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और 10 ओवरों में 79/9 रन रन बनाए गजानन की ओर से गिल ने तीन विकेट प्राप्त की है लक्ष्य का पीछा करने उतरी गजानन यह मुकाबला चार विकेट से जीत लिया इस मैच के मैन ऑफ द मैच गिल्ला रहे।

गलत वेतन निर्धारण की भरपाई कर्मचारी द्वारा क्यों की जाए-मध्य प्रदेश शिक्षक संघ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

मध्य प्रदेश शिक्षक संघ संभाग अध्यक्ष विजय शुक्ला द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जब शिक्षक या अन्य कर्मचारी सेवानिवृत्ति होता है तो उसकी सेवा पुस्तिका में गलत निर्धारण के कारण एक लंबी राशि रिकवरी के रूप में निकालीजाती है वेतन निर्धारण की जिम्मेदारी संबंधित लिपिक तथा आहरण वितरण अधिकारी की होती है किंतु फिर भी उसकी रिकवरी कर्मचारियों के माध्यम से की जाती है जो पूर्णता गलत है वेतन निर्धारण के लिए संपूर्ण जवाब देह आहरण सम वितरण होता है कभी-कभी देखने में यहां आता है कि किसी कर्मचारी के 10 से 12 लख रुपए की रिकवरी की जाती है तथा उसे अपने सेवानिवृत्ति पर जो राशि प्राप्त होती है वह लगभग सभी रिकवरी के रूप में निकाल दी जाती है जो पूरी तरह गलत है मध्य प्रदेश शिक्षक संघ वरिष्ठित अधिकारियों से तथा माननीय उच्च न्यायालय से भी है मांग करता है कि कर्मचारियों से कराई जा रही रिकवरी की राशि संबंधित आहरण सम वितरण अधिकारी से की जाए जिसकी संपूर्ण जवाब देगी उनकी होती है तथा संगठन या भी मांग करता है कि वेतन निर्धारण के समय किसी वरिष्ठ लेखपाल द्वारा सेवा पुस्तिका का अवलोकन कर कर ही वेतन निर्धारण की प्रक्रिया पूर्ण कराई जाए ताकि सेवानिवृत्ति पर शिक्षक तथा कर्मचारी परेशान होने से बच सके ।

श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा अयोध्या में भट्टारक रविंद्र कीर्ति

समग्र जैन समाज का प्रतिनिधित्व कर राम भक्तो को कराएंगे वात्सल्य भोज

सर्वोच्च जैन साध्वी गणिनी आर्यिका ज्ञानमति माताजी के आशीर्वाद से पांच तीर्थंकर भगवंतो एवं भगवान श्री राम की जन्म भूमि अयोध्या में होगा 10 दिनों तक सात्विक वात्सल्य भोज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

पांच जैन तीर्थंकर भगवंतो एवं मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की यशस्वी जन्म भूमि अयोध्या भारत राष्ट्र की शाश्वत पवित्र धरा है।

प्रत्येक भारतीय के लिए अत्यंत प्रसन्नता एवं गौरव का प्रसंग है जब राम लला अपने मूल जन्मस्थान की भूमि पर नव निर्मित

भव्य श्री मंदिर जी में पूर्ण वैभव के साथ विराजकर समग्र भारतीय संस्कृति को गौरवान्वित करेंगे।

भारत वर्षीय समग्र जैन समाज की और से जन्म भूमि के इस अति विशिष्ट आयोजन में विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित प्रथम जैन तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव स्वामी एवं अन्य तीर्थंकर भगवान की तीर्थ भूमि अयोध्या श्री क्षेत्र के अधिष्ठाता स्वस्ति श्री भट्टारक रत्न ब्रह्मचारी श्री रविन्द्र जी कीर्ति जी स्वामी ने बताया कि प्रभु श्री राम जन्म भूमि के आयोजन एवं आमंत्रण से अभिभूत हूं। पूर्व मे भी दिनांक 5 अगस्त 2020 को प्रधानमंत्री जी की उपस्थिति में जब अयोध्या जी में शिलान्यास का मांगलिक आयोजन संपन्न हुआ था उस समय भी पूरे भारत वर्ष की जैन समाज की और से शिलान्यास समारोह में मुझे प्रतिनिधित्व करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ था।

अभी कुछ दिन पूर्व प्रदेश के यशस्वी धर्मनिष्ठ मुख्यमंत्री माननीय योगी आदित्यनाथ जी जैन धर्म की सर्वोच्च आर्यिका गणिनी श्री ज्ञानमति माताजी के दर्शनार्थ पधारे थे उस समय भगवान राम एवं जैन तीर्थंकर भगवंतो की शाश्वत जन्म धरा अयोध्या के विकास के लिए मुख्यमंत्री जी ने माताजी से गहन चर्चा कर महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्राप्त किया था। समग्र उत्तरप्रदेश के सुशासन की प्रगति के लिए माताजी ने योगी जी के शीश पर अपनी मयूर पिच्छिका से वात्सल्य पूर्वक आशीष प्रदान किया था।

दिनांक 15 जनवरी से 24 जनवरी 2024 में जन्मभूमि के इस विशिष्ट आयोजन में समग्र भारत वर्षीय जैन समाज का प्रतिनिधित्व करते हुए भट्टारक स्वामी रविंद्र कीर्ति जी आयोजन में आगंतुक श्रद्धालुओ के लिए शुद्ध सात्विक वात्सल्य भोज का आयोजन करेंगे। इस अवसर पर स्वामी जी ने बताया कि देश विदेश से पधारे लगभग 5 से 7 हजार श्रद्धालु राम भक्तो को प्रतिदिन यहां शुद्ध सात्विक परंपरागत जेवण कराया जावेगा। जैन समिति ने श्रद्धालुओ को वात्सल्य आमंत्रण दे समारोह में पधारने की अपील की है।

जिला स्तरीय जनसुनवाई में सुनी गई समस्या

शासन के निर्देशानुसार प्रति मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित होने वाली जिलास्तरीय जनसुनवाई में अपर कलेक्टर सीएल चनाप एवं संयुक्त कलेक्टर प्रियंका वर्मा द्वारा जनसुनवाई में आए आवेदकों की समस्याओं को सुना गया। इस दौरान सभी विभाग प्रमुखों की भी उपस्थिति रही।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

आयोजित हुई जनसुनवाई में आज ग्राम सारसडोल निवासी शम्भूलाल मालवीय द्वारा कपिलधारा योजना अंतर्गत कूप निर्माण कराने विषयक, महामाया वार्ड सिवनी निवासी विवेक भलावी द्वारा अनुकंपा नियुक्ति दिलाए जाने विषयक, ग्राम खुर्सीपार निवासी विनोद गेडाम द्वारा भूमि का पट्टा दिलाए जाने विषयक, ग्राम भालीवाड़ा कुरई निवासी शांतिबाई द्वारा वृध्दा पेंशन दिलाने विषयक, ग्राम टेटमा बरघाट निवासी रमेश चंद्र पटले द्वारा खेत सड़क मार्ग का निर्माण कराए जाने विषयक, ग्राम करीरात निवासी महेश जावरे द्वारा गरीबी रेखा कार्ड बनाए जाने विषयक, ग्राम माहुलपानी निवासी फूलकुमारी मसराम द्वारा संबल कार्ड का लाभ दिलाए जाने विषयक, आदर्श हाउसिंग सोसायटी सिवनी द्वारा कालोनी में नाली निर्माण कराने विषयक, ग्राम ढेकी निवासी सीमा साहू द्वारा स्वयं परिवार समग्र आईडी बनवाने विषयक सहित कुल 51 आवेदन प्राप्त हुए। जिनके शीघ्र निराकरण के निर्देश संबंधित विभागाधिकारियों को दिए गए।

हरिभूमि

सतपुड़ा भूमि

[तिरोड़ी | बोनकटा | कंटगी | बैहर | वारासिवनी | हटा]

14

जबलपुर, बुधवार 27 दिसंबर 2023

login : www.haribhoomi.com

खबर संक्षेप

आज और कल संकल्प यात्रा में सांसद होंगे शामिल

बालाघाट। क्षेत्रीय सांसद डॉ. ढाल सिंह बिसेन जिले में आयोजित हो रही विकसित भारत संकल्प यात्रा में बुधवार और गुरुवार को विभिन्न स्थानों पर शामिल होंगे। उनके निर्धारित कार्यक्रम अनुसार 27 दिसम्बर को सुबह 10 बजे बालाघाट से किरनापुर के लिये प्रस्थान करेंगे तथा दोपहर 11 बजे विकासखंड किरनापुर के ग्राम वारा में विकसित भारत संकल्प यात्रा में सम्मिलित होंगे। दोपहर 2 बजे विकासखंड किरनापुर के ग्राम जामड़ीमेटा में विकसित भारत संकल्प यात्रा में सम्मिलित होंगे व दोपहर 3 बजे बालाघाट के लिये प्रस्थान करेंगे। वहीं 28 दिसम्बर को डॉ. बिसेन सुबह 10 बजे बालाघाट से लांजी के लिये प्रस्थान करेंगे, दोपहर 11:30 बजे विकासखंड लांजी के ग्राम दुलापुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा में सम्मिलित होंगे। दोपहर 2 बजे लांजी के ग्राम बिसोनी में विकसित भारत संकल्प यात्रा में सम्मिलित होंगे तथा शाम 6 बजे सिवनी के लिये प्रस्थान करेंगे।

संचार एवं सकर्म स्थायी समिति की बैठक आज

बालाघाट। संचार एवं सकर्म स्थाई समिति की बैठक आज दोपहर 11 बजे जिला पंचायत कार्यालय की सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में मनरेगा मद अंतर्गत ग्राम पंचायतों में चल रहे निर्माण कार्यों, प्रधानमंत्री सड़क विकास प्राधिकरण विभाग के कार्यों, लोक निर्माण विभाग के निर्माण कार्यो, प्रधानमंत्री खनिज कल्याण योजना अंतर्गत स्वीकृत निर्माण कार्यों, आदिवासी विकास विभाग से स्वीकृत कार्यों व अन्य विषयों की समीक्षा की जायेगी।

कुर्की वसूली के लिए सख्त हुए कलेक्टर

बालाघाट। कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा 21 दिसम्बर को राजस्व अधिकारियों की समीक्षा की गई थी। इस दौरान पाया गया कि वर्तमान में जिले में न्यायालय द्वारा पारित कुर्की/निष्पादन आदेश अनुसार राशि एवं बैंक द्वारा ब्रिस्क की राशि, सरपंच/सचिव से आरआरसी एवं अन्य भू-राजस्व बकाया की राशि तहसील/ग्राम पंचायत स्तर पर वसूली की राशि अनावश्यक रूप से लंबित है। इन सभी मामलों पर कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने नाराजगी जाहिर की थी। इस कारण कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने समस्त तहसीलदारों को आदेशित किया है कि वे प्रति माह प्रत्येक शुकवार को नियमित रूप से अपने कार्य क्षेत्रान्तर्गत कैम्प लगाकर उपरोक्त मदों की शेष राशि वसूली करेंगे। इस कार्य के लिए अगर आवश्यक हो तो ये पुलिस बल की भी सहायता ले सकते हैं। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने इस कार्य के लिए पृथक से डेटाबेस तैयार रखने के लिए डिप्टी कलेक्टर श्री मायाराम कौल को नोडल अधिकारी किया गया है।

सीएमओ ने आश्रय स्थल में ठंड से बचाव के उपायों की देखी व्यवस्थाएं

बालाघाट। नगर पालिका सीएमओ दिशा डेहरिया ने गत रात में वार्ड न.14 में आश्रय स्थल का अवलोकन किया। यहां उन्होंने ठंड से बचाव के उपायों की जानकारी ली। साथ ही उन्होंने पर्याप्त लकड़ी, कम्बल आदि व्यवस्थाएं देखी। उन्होंने यहां ठहरे हुए 13 पुरूष और 1 महिला अपने बच्चें के साथ रात में रुकी हुई देखी। सीएमओ डेहरिया ने महिला से व्यवस्थाओं के बारे में प्रतिक्रिया ली। सीएमओ ने बताया कि आश्रय स्थल पर 25 बेड की निशुल्क सुविधा उपलब्ध है। आवश्यक होने पर और बेड उपलब्ध कराए जा सकते है।

बालाघाट ने बुराहनपुर पर दर्ज की जीत

बालाघाट। जिले में 10 दिसंबर से खेली जा रही मध्यप्रदेश फुटबॉल लीग प्रतियोगिता में 26 दिसंबर को एफसी बुराहनपुर बनाम पुलिस ब्वायज बालाघाट के बीच लीग मैच खेला गया। प्रतियोगिता के मैच शुभारंभ में बतौर अतिथि नपा सभापति सुधीर चिले, पार्षद योगिता बोपचे, पूर्व नपा सभापति विनय बोपचे और गणेश अग्रवाल उपस्थित थे।

नपा पर वित्तीय संकट : कर्मचारियों को नहीं मिल रही तन्खा, सफाईकर्मियों ने जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

करोड़ों रुपए का बजट पेश करने वाली नगर पालिका बालाघाट में कर्मचारियों को तन्खा देने पैसे नहीं है। जिम्मेदारों का कहना है कि नगर पालिका के वित्तीय संकट के कारण, कर्मचारियों को वेतन नहीं दे पा रहे है। चिंतनीय है कि जिला मुख्यालय में यह हालत है, जबकि नगरपालिका में दो इंजन वाली सरकार की सत्ता है।

महीनों से कर्मचारियों को तन्खा नहीं मिलने से नगर पालिका के कर्मचारियों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बावजूद इसके मन मारकर भी कर्मचारी काम करने बाध्य है। तन्खा नहीं मिलने से नगर पालिका के सभी कर्मचारियों के सामने आर्थिक दिक्कत है, लेकिन सबसे ज्यादा समस्या सफाई कर्मियों को हो रही है।

किसी तरह कर्ज लेकर गुजारा कर रहे कर्मचारियों को वेतन नहीं मिलने से उनका गुस्सा मंगलवार को नपा में दिखाई दिया। यहां दोपहर में नगर पालिका की महिला सफाई कर्मियों ने अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए आगामी 5 जनवरी तक बीते दो माह की तन्खा एक साथ नहीं दिए जाने पर 6 जनवरी से काम बंद करने की चेतावनी दी है।

वोट नहीं दिया, इसलिए रुपए नहीं दिए

महिला सफाई कर्मियों ने यह भी आरोप लगाया कि हमें पता चला है कि विधानसभा चुनाव में भाजपा को वोट नहीं देने के कारण भी हमें तन्खा नहीं दी जा रही है। हालांकि नगरपालिका के जिम्मेदारों की मानें तो नपा के वित्तीय संकट के कारण कर्मचारियों को तन्खा देने में समस्या आ रही है।

सफाई कर्मी कविता का कहना है कि बीते दो माह से वेतन नहीं मिला है। इसके कारण उन्हें आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। कर्ज लेकर घर और परिवार चला रहे है। हमेशा कहा जाता है कि 5 या 10 तारीख तक तन्खा दे दी जाएगी, लेकिन दो माह हो गया और तीसरा माह शुरू है हमें अब तक तन्खा नहीं मिली।

यदि हमें 5 जनवरी तक दो माह की एक साथ तन्खा नहीं दी जाएगी, तो हम आंदोलन में चले जाएंगे और फिर उठेंगे ही नहीं। वोट नहीं देने के कारण तन्खा नहीं देने के आरोप पर सफाई कर्मी कविता का कहना था कि काम करने वाले अन्य लड़के भी आए थे, उन्हें ऐसा कहा गया। जो उन्होंने हमें बताए थे। इससे हमें भी लगता है कि वोट नहीं देने के कारण हमें तन्खा देने में विलंब किया जा रहा है।

नपा बालाघाट प्रभारी सीएमओ दिशा डेहरिया ने कहा कि नगर पालिका की वित्तीय स्थिति ठीक नहीं है। नगर पालिका की वित्तीय स्थिति को सुधारने नगर के बड़े बकायादारों से राजस्व वसूलने को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। जिनसे सख्ती से राजस्व की वसूली कर सर्वप्रथम नगरपालिका के कर्मचारियों को वेतन भुगतान किया जाएगा।

रीवा-ईतवारी का लामता और नागपुर-शहडोल ट्रेन का केवलारी में मिला स्टॉप

सांसद ने संसदीय क्षेत्र को दी रेलसुविधा की सौगात

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

जिले में रेलसुविधाओं को लेकर रेल सलाहकार समिति सदस्यो की बहुप्रतिक्षित मांग और जिले में रेलयात्रियों की सुविधा को लेकर प्रयासरत बालाघाट-सिवनी संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ. ढालसिंह बिसेन ने एक साल के पूर्व संसदीय क्षेत्र को रेल क्षेत्र में बड़ी सौगात दी है। विगत लंबे समय से क्षेत्रवासियों की मांग को रेलवे सलाहकार समिति द्वारा समय-समय पर सांसद और रेल अधिकारियों के समक्ष रखा गया था। जिसमें रीवा-ईतवारी एक्सप्रेस ट्रेन के लामता में स्टॉपेज की मांग शामिल थी। जिसको लेकर सांसद डॉ. ढालसिंह बिसेन के किए गए प्रयास का ही परिणाम है कि रेलवे मंत्रालय द्वारा 26 दिसंबर को जारी किए गए आदेश में बालाघाट-सिवनी संसदीय क्षेत्र के दो स्टेशनो में एक्सप्रेस ट्रेन के स्टॉपेज को मंजूरी दी।

रेलवे बोर्ड संयुक्त निदेशक (कोचिंग) विवेक कुमार सिन्हा ने रीवा-ईतवारी एक्सप्रेस ट्रेन के लामता और घंसौर तथा नागपुर-शहडोल

एक्सप्रेस ट्रेन के केवलारी में स्टॉपेज को मंजूरी दी है।

संसदीय क्षेत्र में रेलसुविधाओं को लेकर किए जा रहे प्रयास में एक प्रयास के परिणाम तक पहुंचने पर सांसद डॉ. ढालसिंह बिसेन ने कहा कि लंबे समय से संसदीय क्षेत्र के लोगो और रेलवे सलाहकार समिति की मांग थी कि रीवा-इतवारी एक्सप्रेस का परसवाड़ा विधानसभा के लामता में स्टॉपेज किया जाए, ताकि लामता के लोगों को इसका लाभ मिल सके। चूंकि लामता स्टेशन एक बड़ी जनसंख्या को कवर करता है, जिसे देखते हुए हम प्रयासरत थे कि रीवा-ईतवारी एक्सप्रेस का स्टॉपेज लामता में हो। जिसको लेकर रेलवे बोर्ड ने रेल मंत्रालय के निर्देश पर आदेश जारी कर दिए है। इसी तरह सिवनी से होकर गुजरने वाली नागपुर-शहडोल एक्सप्रेस का केवलारी में स्टॉपेज मिला है। इन दोनो ही क्षेत्रो के लोगों को एक्सप्रेस के ट्रेनो के स्टॉपेज से रेलसुविधा का लाभ मिलेगा।

संसदीय क्षेत्र के लामता और केवलारी में एक्सप्रेस ट्रेन के स्टॉपेज को मंजूरी दिलाए जाने पर सांसद डॉ. ढालसिंह बिसेन का बिलासपुर रेलवे जोन सलाहकार समिति सदस्य मोनिल जैन, नागपुर रेलमंडल सलाहकार समिति सदस्य अरूण राहंगडाले, रेलवे सलाहकार समिति सदस्य गिरीराज रंगलानी, मनोज क्षीरसागर, विशाल मंगलानी, तुर्राब खान, जितेन्द्र मोहारे, सुधीर चिले, सुनील कोरे, मीनाक्षी हरिनखेड़े, विजय बिसेन, अजय सुखदेवे ने रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव और सांसद डॉ. ढालसिंह बिसेन का आभार व्यक्त किया है।

जिला भाजपा ने नवनियुक्त मंत्रियों को दी शुभकामनाएं, जताया आभार

विकसित भारत का आधार स्तम्भ मध्यप्रदेश मंत्रिमंडल : अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बीते विधानसभा चुनाव में प्रदेश की जनता जनार्दन भाजपा सरकार बनाने का ऐतिहासिक जनादेश दिया। परिणीति में सर्व सम्मत भाजपा के एक छोटे से कार्यकर्ता डॉ मोहन यादव को प्रदेश के मुख्यमंत्री की जवाबदेही सौपी गई। निश्चित यह ऐतिहासिक और निर्णायक कदम प्रदेश के समग्र विकास के लिए बहुमूल्य साबित होगा। इसी कड़ी में प्रदेश के मुख्यमंत्री डां मोहन यादव ने अपने 28 सदस्यीय मंत्रिमंडल का सराहनीय गठन किया। जिसकी जितनी भी तारीफ की जाए उतनी ही कम होगी। इस मंत्रिमंडल में जहां अनुभव है वहां युवा जोश का भी भरपूर समावेश है। यह मंत्रिमंडल एक प्रकार से विकसित भारत, समृद्ध मध्यप्रदेश और जनकल्याण की आधार स्तम्भ है। आशय के उद्गार व्यक्त करते हुए भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष सत्यनारायण अग्रवाल ने कहा की डां मोहन यादव के नेतृत्व में गठित मंत्रिमंडल सर्वस्पर्शी, सर्वाग्रही और सर्व समावेशी सिद्ध होगा इसमें कोई अतिशयोक्ति नहीं है।

महाकौशल को मिला सम्मानः अग्रवाल

श्री अग्रवाल ने कहा मंत्रिमंडल आमजन के विश्वास एमपी के मन में है मोदी और मोदी के मन में है एमपी। साथ ही मोदी की गारंटी को धरातल पर अमली जामा पहनाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगा। इस मंत्रिमंडल में महाकौशल क्षेत्र

को भी सम्मान मिला है जिसमें कदावर नेता प्रहलाद सिंह पटेल, राकेश सिंह, राव उदय प्रताप सिंह और श्रीमती संपत्ति को स्थान मिला है। जिनके नेतृत्व में महाकौशल सहित बालाघाट जिले में विकास और जन कल्याण की गंगा बहेंगी। भाजपा जिलाध्यक्ष सत्यनारायण अग्रवाल ने जिला भाजपा की ओर से नवनियुक्त मंत्री को प्रदेश के चंहुमुखी विकास की शुभकामनाएं देते हुए संगठन के शीर्ष नेतृत्व का हार्दिक आभार जताया।

आधुनिक दौर में प्राचीन परम्परा का बना रहना सराहनीय कार्य : राजेश पाठक

हरिभूमि न्यूज बालाघाट। मध्यप्रदेश कबड्डी संघ के उपाध्यक्ष राजेश पाठक ने ग्राम बोट्टे में आयोजित दो दिवसीय मेला व दंगल कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेते हुए उपस्थिति ग्रामीण जनता को सम्बोधित करते हुए कहा कि यह हम सबके लिये हर्ष का विषय है कि आधुनिकता के इस दौर में ग्रामीण क्षेत्र में आयोजित होने वाले प्राचीन परम्परा अर्थात आयोजनों का दौर आज भी बिना किसी रूकावट के सफलतापूर्वक आयोजित किया जा रहा है। दिवाली पर्व के पश्चात आयोजित होने वाले मंडई मेले एवं दंगल जैसे कार्यक्रम इस बात का प्रमाण है कि जनता का रूझान आज भी इन परम्पराओं के आयोजन में उतना ही है जैसे पहले हुआ करता था। मुझे यह घोषणा करते हुए हर्ष हो रहा है कि आगामी अप्रैल माह में बालाघाट नगर में भव्य दंगल कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा ताकि कुश्ती जैसे खेले में रूचि रखने वाले हमारे उभरते हुए पहलवानों का उत्साहवर्धन हो और उन्हें सीखने मिले। मुझे खुशी है इस बात की कि बालाघाट जिले के कोने-कोने में क्रिकेट जैसे लोकप्रिय खेल के आयोजन के बीच कुश्ती अर्थात दंगल का आयोजन सफलतापूर्वक गांव-गांव में किया जाता है। इसी तरह से मंडई मेले का आयोजन केवल मनोरंजन ही नहीं बल्कि लोगों के मेल जोल को आगे बढ़ाने, सामाजिक संबंधों को मजबूत करने का बड़ा माध्यम बन गये है। प्राचीन दौर से चली आ रही है यह परम्परा का अपना सामाजिक महत्व है इससे इंकार नहीं किया जा सकता। जिला कबड्डी संघ का भी यही प्रयास होता है कि कबड्डी जैसे हमारे देशी खेल गांव की तरह शहरों में भी अपनी लोकप्रियता को प्राप्त करें। उस दिशा में अनेक तरह के प्रयास किये जा रहे है। इस तरह के आयोजन के लिये अर्थात मंडई मेले हो या दंगल जैसे आयोजनों के लिये आयोजक वर्ग बधाई का पात्र है जो ग्रामीण जनता के रूचि के अनुरूप आयोजनों को नई दिशा देकर उनके प्रति उत्साह उमंग को बनाये रखने के लिये निरंतर अपना योगदान देते है। हम यही अपेक्षा करते है कि यह गौरवशाली परम्परा ग्रामीण क्षेत्र में आगे भी इसी तरह से बनी रहे। हमारी ओर से जो भी यथासंभव सहयोग व योगदान इस प्रकार के कार्यक्रमों में दिया जा सकता है उसे देने का हम हमेशा प्रयास करते है। उसमें कहीं कोई कमी हम नहीं छोडते। इस अवसर पर मेला एवं दंगल आयोजन समिति के सभी पदाधिकारी, कबड्डी संघ के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण जनता कार्यक्रम स्थल में उपस्थित थे।

संकल्प यात्राओं में 257 हितग्राहियों ने सुनाई मेरी कहानी मेरी जुबानी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान पूर्व में भारत सरकार की विभिन्न योजना से लाभान्वित हुये हितग्राहियों द्वारा अपनी कहानियॉ मंच से सुनाई जा रही है। इन कहानियों से अन्य छुटे हुये पात्र व्यक्ति भी प्रभावित हो रहे है। मंगलवार को कुल 257 हितग्राहियों ने ऐसी कहानियॉ सुनायी है। इसमें सबसे अधिक लालबर्रा के 72, किरनापुर के, 18 कटंगी के 17, परसवाड़ा के 24, लांजी के 19, बैहर-वारासिवनी के 22-22, बालाघाट के 52 और बिरसा के 11 लाभान्वितों ने मेरी कहानी मेरी जुबानी सुनाई है। यात्राओं के दौरान कुल 2347 ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच की गई। वहीं 1265 नागरिकों की टीबी की जांच और 463 की सीकल सेल जांच की गई है।

मंगलवार को इन गावों में पहुंची यात्रा

विकसित भारत संकल्प यात्रा मंगलवार को बैहर जनपद के ग्राम मोहबट्टा व करेली, परसवाड़ा के ग्राम परसाटोला व कुमादेही, लांजी के ग्राम सिहारी व घोटी घुसमारा, कटंगी के ग्राम कलगांव व आगरवाड़ा, बालाघाट के ग्राम बुड़ियागांव व टाकाबर्रा, वारासिवनी के ग्राम डोरली व गटापायली, किरनापुर के ग्राम कंडरा व किन्ही, खैरलांजी के ग्राम सालेटेका व खुर्सीपार, बिरसा के ग्राम छपला व मंडई और लालबर्रा जनपद के ग्राम ददियॉ व देवरी में विकसित भारत संकल्प यात्रा का भ्रमण हुआ।

आज यात्रा इन गावों मे पहुंचेगी

विकसित भारत संकल्प यात्रा आज बैहर जनपद के ग्राम बम्हनी व मोवाला, परसवाड़ा के ग्राम सैला व हर्राभाट, लांजी के ग्राम पाथरगांव व कलपाथरी, कटंगी के सीताखोह व खजरी, बालाघाट के ग्राम लामता व भोंडवा, वारासिवनी के कोचेवाही व सेरपार, किरनापुर के ग्राम वारा व जामरीमेटा, खैरलांजी के ग्राम आरंभा व भेंडारा, बिरसा के ग्राम जगला व डोंगरियॉ और लालबर्रा जनपद के ग्राम मुरझड़ व धपेरा में भ्रमण करेगी।

जवाहर नवोदय विद्यालय में राष्ट्रीय गणित दिवस का किया गया आयोजन

वारासिवनी। जवाहर नवोदय विद्यालय वारासिवनी में महान भारतीय गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के जन्मदिन को राष्ट्रीय गणित दिवस के रूप में मनाया गया। विद्यालय के गणित के पीजीटी गौरीशंकर पारधी ने बताया कि गणित एक बहुत ही रोचक विषय हैं, इसमें विद्यार्थी सीढ़ी दर सीढ़ी सीखता हैं, तभी वह पारंगत होता है। विद्यार्थियों में गणित के प्रति रुचि जागृत करने, विभिन्न विधाओं को जानने और समझने तथा बच्चों को गणित के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए विद्यालय में गणित संबंधी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

सटोरियों के खिलाफ पुलिस की बड़ी कार्रवाई, दो आरोपी गिरफ्तार

सटोरियों पर पुलिस के द्वारा की जा रही लगातार कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज लांजी। नगर में सट्टा संचालित करने वाले दो सटोरियों को लांजी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बता दे की अंकुश चौहान और किशोर ऊइके जो की कई वर्षों से सट्टे का अवैध कारोबार करते आ रहे हैं, जिन पर पुलिस ने पहले भी कार्यवाही करके मामला पंजीबद्ध किया है। परंतु यह सट्टे का कारोबार करते आ रहे हैं जिससे नगर का माहौल खराब हो रहा है उक्त मामले को दृष्टिगत रखते हुए लांजी पुलिस ने एसडीओपी सतेंद्र घनघोरिया के निर्देश पर, थाना प्रभारी दिनेश सोलंकी के नेतृत्व में सटोरियों पर ताबड़तोड़ कार्यवाही करते हुए दो नों सटोरियों को गिरफ्त में लिया है। दोनों आरोपियों पर पहले भी अलग-अलग धाराओं के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध किया जा चुके हैं जिसमें गैंबलिंग जैसे अपराध भी आते हैं। पूर्व में आरोपी अंकुश चौहान पर धारा 294,323,506,34 ताहि,4 के पब्लिक गेम्बलिंग एक्ट,13 जुआ एक्ट,4 क पब्लिक गेम्बलिंग एक्ट 109 साहि,4 के पब्लिक गेम्बलिंग एक्ट151,107,116(3) जा. फो, 110 जा.फौ, 107,116(3) जा.फी.,151 जा.फी,122 जा. फौ,110 जा.फौ जैसी धाराओं पर अपराध दर्ज है। वही आरोपी किशोर उईके पर 4 क पब्लिक गेम्बलिंग एक्ट, 109 ताहि,4 क पब्लिक गेम्बलिंग एक्ट,107,116(3) जा.फौ, 151 जाफौ, 110 जाफौ के तहत अपराध दर्ज है।

वर्षो से कर रहे है सट्टे का कारोबारः ज्ञात हो कि अंकुश चौहान और किशोर ऊके जो लांजी के निवासी हैं, यह दोनों काफी वर्षों से लांजी नगर में सट्टे का अवैध कारोबार कर रहे हैं जो की शासन में गैरकानूनी अपराध है उक्त विषय को गंभीरता से लेते हुए लांजी पुलिस ने सट्टा करोबारियों के विरुद्ध यह कार्यवाही की है जिसमें दोनों आरोपियों को एसडीएम न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

आदर्श दानपात्र सेवा समिति के द्वारा आदिवासी परिवार हुआ लाभान्वित

गरीब परिवार को गर्म कपडे व अन्य सामग्री का किया वितरण

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

26 दिसंबर को तह.बैहर के अन्तर्गत (रामाटोला) में निवासरत गरीब आदिवासी महिला शांता मरकाम जिनके पति इस दुनिया में नहीं है वह अपने 5 सदस्यों के साथ विपरीत परिस्थिति में भी अपना जीवन यापन कर रही है, यह जानकारी मिलते ही आदर्श दानपत्र सेवा समिति गरीब परिवार से मिलने पहुंची जिनकी आर्थिक स्थिति बहुत कमजोर थी उनसे चर्चा कर हमें बहुत दुख हुआ, और सिख भी उनसे मिली कि इतने विपरीत परिस्थिति में भी हिम्मत नहीं हारना चाहिए। विपरीत परिस्थिति को देखते हुए, आदर्श दानपात्र सेवा समिति एवं जन सहयोग से उन्हें कड़ाके की ठंड से निजात दिलाने हेतु, उनके परिवार के सदस्यों के लिए कम्बल, स्वेटर, साड़ी एवं कपड़ों का वितरण किया गया। आदर्श दानपात्र सेवा समिति गरीबों की पीड़ा को समझते हुए नेक कार्य के लिए हमेशा आगे आते है। समिति सभी सदस्यों, दानदाताओ एवं योद्धाओं का हृदय से आभार व्यक्त करती है।

भागवत कथा और शिव महापुराण कथा में शामिल हुए क्षेत्रीय विधायक पारधी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

जनपद कटंगी क्षेत्र के ग्राम कोसुंबा में श्री भगवान राधा कृष्ण मन्दिर स्थापना के अवसर पर श्री राधाकृष्ण मंदिर मेला उत्सव समिति द्वारा संगीतमय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया गया कथा वाचक वृंदावन मथुरा से पधारे जितेंद्र कृष्ण ठाकुर के मुखारविंद से सभी ग्रामीणजन कथा का श्रवण कर रहे हैं इस अवसर पर कटंगी विधानसभा प्रतिनिधि गौरव सिंह पारधी उपस्थित होकर व्यास पीठ पर विराजमान महाराज जी का आशीर्वाद लेकर क्षेत्र वासियों की खुशहाली के लिए मंगल कामना की तिरोड़ी भाजपा मंडल अध्यक्ष योगेश सोनवाने, विनय ठाकुर, वरुण देशमुख ,वैभव गुप्ता ,सुरेंद्र रहांगडाले, प्रियांश राऊत, शुभम पटेल, गोविंद आमाडारे, चंद्रकांत गर्दे, राकेश जायसवाल, डेलन राउत, संदीप सोनवाने, जितेंद्र पटेल, महेश राउत, किशोर दशमेर विनोद गोपाले, ओमप्रकाश राहंगडाले, सुरेश देशमुख, लेकचंद सोनगड़े, राजेश बिसेन, दोवेंद पटले, मनीष राहंगडाले, देवी राहंगडाले, झांमसिंग पटले के अलावा समस्त आयोजन समिति के सदस्य एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे। इसके अलावा जपद कटंगी के ग्राम नदौरा में शिव महापुराण कथा आयोजित की गईं थी जिसमे कथावाचक कीर्ति किशोरी वृंदावन धाम के मुख से ग्राम वासी कथा का श्रवण कर रहे थे । इस मौके पर विधायक गौरव सिंह पारधी ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए शिवपुराण कथा के महत्व को बताते हुए कहा श्री भागीरथ जी ने अपने पूर्वजों की शांति हेतु मां गंगा की तपस्या कर मां गंगा को पृथ्वी लोक पर आने की याचना की। मां गंगा का विशाल विकराल रूप जो समस्त पृथ्वी लोक का विनाश कर सकती थी जिस कारण देवों के देव महादेव ने अपनी जटाओं में गंगा को समाहित किया तदुप्रांत मां गंगा पृथ्वी पर प्रवाहित हुई। जिसमें आज भी हम अपने पूर्वजों की अस्थियों का विसर्जन कर उनकी आत्मा की शांति हेतु पूजन अर्चन करते हैं। आज हमारे जिले मे भी मां गंगा रूपी नदिया प्रभावित हो रही है चंदन नदी मैया, वैनगंगा नदी मैया जहां-जहां से अविरल बह रही है उसे हमे बचा कर रखने का प्रयास करना चाहिए यदि हम यह काम नहीं कर पाए तो हमारे बड़े बुजुर्गों की आत्मा को शांति कहां से मिल पाएंगी इसलिए आप हम सब नदियों एवं जल का संरक्षण करें जिससे आने वाली पीढ़ी नदियों को देख पाएंगे अन्यथा उसका अस्तित्व बचा पाना मुश्किल है। इसके अलावा विधानसभा प्रतिनिधि गौरव सिंह पारधी ने कटंगी क्षेत्र की सेवा देने के लिए ग्राम वासियों का आभार माना एवं उन्होंने कहा सदैव वह ग्रामवासियों के ऋणी रहेंगे जिन्होंने कटंगी विधानसभा में सेवा का अवसर प्रदान किया आगे कहा वे सभी ग्राम वासियों की सेवा में सदेव उपस्थित रहेंगे ।

अज्ञात कार ने बाइक को मारी टक्कर

रमरमा जा रहे दो युवक गंभीर रूप से घायल, अगासी के पास हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

मंगलवार की शाम करीब साढ़े 05 बजे कटंगी-वारासिवनी रोड़ पर आगासी के करीब एक अज्ञात कार ने बाइक को टक्कर मार दी. हादसे में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए. जिन्हें संजीवनी 108 के ईएमटी महेन्द्र पंवार और पायलट जयेश चौहान ने तत्काल उपचार के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र कटंगी लाकर भर्ती करवाया है. दुर्घटना के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया. मिली जानकारी अनुसार तिरोड़ी निवासी गौरीशंकर सैय्याम और दुर्गा सेन्द्रे रमरमा एक मैंगनीज खदान में काम करने के लिए जा रहे थे. अगासी के पास वारासिवनी की तरफ से आ रही अज्ञात कार ने गलत साइड में आकर टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया. दोनों ही युवक के सिर पर गहरी चोट आई है. अस्पताल में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ पंकज दुबे ने घायलों को प्राथमिक उपचार देने के साथ ही पुलिस को सूचना दी है।